हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 12 अंक : 307 | देहरादून, बुधवार, 05 जून, 2024 | मूल्य : एक रुपया | पृष्ठ : 16



गुप्तकाशी में 200 मीटर खाई में गिरी बाइक, दो युवकों की दर्दनाक मौत 3

## लगातार तीसरी बार उत्तराखंड में बीजेपी की पांचो सीटें बरकरार

# मोदी-धामी का जादू, 5 सीटों पर फिर से कमल

न्यूज़ वायरस नेटवर्क


देहरादून,5 जून : टिहरी गढ़वाल लोकसभा सीट पर बीजेपी की माला राज्यलक्ष्मी शाह ने चौथी बार जीत दर्ज की है। राज्यलक्ष्मी शाह 2012 में टिहरी उपचुनाव जीती थी, इसके बाद 2014 और 2019 में भी उन्होंने जीत दर्ज की थी। यहां जोत सिंह को करारी हार का सामना करना पड़ा 2024 के आम चुनाव में माला राज्यलक्ष्मी शाह ने कांग्रेस के जोत सिंह गुनसोला को 2 लाख 68 हजार से ज्यादा वोटों से ज्यादा अंतर से हराया। इस तरह आम चुनावों में रानी राज्यलक्ष्मी शाह ने जीत की हैट्रिक जमाई है। टिहरी लोकसभा सीट पर राजशाही का दबदबा अभी भी है। राज्यालक्ष्मी को 455949 वोट पड़े जबकि जोत सिंह गुनसोला को 187602 वोट पड़े। सबसे चौंकाने वाला प्रदर्शन निर्दलीय प्रत्याशी बॉबी पंवार ने किया है। पहली बार किस्मत आजमाने निकले बॉबी पंवार 162469 वोट पाकर तीसरे स्थान पर रहे।

हरिद्वार लोकसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी त्रिवेंद्र सिंह रावत ने बाजी मार ली है। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी और पूर्व सीएम हरीश रावत के बेटे वीरेंद्र रावत को 1 लाख 64 हजार से ज्यादा वोटों के अंतर से हराया।मुख्यमंत्री पद से हटाए जाने के बाद त्रिवेंद्र सिंह रावत को पार्टी में बडी जिम्मेदारी का इंतजार था। बीजेपी ने उन्हें निशंक का टिकट काटकर हरिद्वार से मैदान में उतारा था। त्रिवेंद्र के लिए हरिद्वार में पैंठ बनाना आसान नहीं था, लेकिन चुनाव प्रचार के दौरान कड़ी मेहनत और सांगठनिक अनुभव के चलते त्रिवेंद्र ने हरिद्वार का मैदान जीत लिया। हरिद्वार से त्रिवेंद्र को कुल 6 लाख 53 हजार 808 वोट पडे जबकि कांग्रेस प्रत्याशी वीरेंद्र सिंह रावत को 4 लाख 89 हजार 752 वोट मिले। इस तरह त्रिवेंद्र ने 1,64,056 से वोटों से जीत दर्ज की। पूर्व सीएम हरीश रावत ने भी प्रचार में पूरी ताकत झोंक दी थी, इस वजह से हरिद्वार के ज्यादातर अल्पसंख्यक वोट कांग्रेस के पक्ष में रहे। उमेश को 91188 वोटों से संतोष करना पड़ा।

इलेक्शन में तमाम विरोधों के बावजूद अजट भट्ट न केवल अपनी सीट बचाने में कामयाब रहे बल्कि उत्तराखंड में सबसे ज्यादा अंतर से जीत दर्ज करके अपनी छवि बनाने में कामयाब रहे। नैनीताल ऊधमसिंह नगर लोकसभा सीट पर भाजपा के अजय भट्ट ने कांग्रेस के प्रकाश जोशी को 334548 वोटों के बड़े अंतर से हराया।काउंटिंग शुरू होते ही अजय भट्ट ने इकतरफा बढ़त बनानी शुरू कर दी थी। कांग्रेस के प्रकाश जोशी ने टक्कर देने की बराबर कोशिश की लेकिन जैसे जैसे गिनती के राउंड बढ़ते गए अजय भट्ट की जीत का अंतर भी बढ़ता गया। भट्ट को कुल 7 लाख 72 हजार 671 वोट मिले जबकि प्रकाश जोशी को 4 लाख 38 हजार 123 वोट पड़ेमालूम हो कि चावन से पहले और चुनाव में भी अजय भट्ट को अग्निवीर योजना, आपदा, बाध का आतंक के मुद्दों पर लोकल जनता ने सांसद अजय भट्ट को खूब घेरा था। इन मुद्दों पर अजय भट्ट के खिलाफ जबरदस्त हवा थी। मोदी फैक्टर और संगठन के दम पर अजय भट्ट सभी मुद्दों को भुनाते हुए लगातार दूसरी बार सांसद बने हैं। अजय भट्ट केंद्र में राज्यमंत्री भी रह चुके हैं। इस बार सबसे ज्यादा अंतर से चुनाव जीते हैं। अजय भट्ट रक्षा राज्य मंत्री हैं हो सकता है इस बार भी उन्हें कैबिनेट में महत्वपूर्ण पद फिर से दिया जाए।

लगातार तीसरी बार अजय टम्टा बरकरार। अलमोडा संसदीय सीट पर भाजपा के अजय टम्टा ने लगातार तीसरी बार जीत दर्ज कर हैट्रिक जमाई है। भारतीय जनता पार्टी के अजय टम्टा ने कांग्रेस के प्रदीप टम्टा को 225893 वोटों के अंतर से हरा दिया। अजय टम्टा और प्रदीप टम्टा लोकसभ चुनाव में चौथी बार आमने सामने थे। 2009 की बात करी जाए तो उस चुनाव में प्रदीप टम्टा के खाते में ये सीट गई थी। लेकिन 2014 से अब तक यहां बीजेपी जीतती आयी है। अल्मोड़ा सीट पर सबसे कम मतदान हुआ था और कुल 6 लाख 53 हजार 896 वोट पड़े थे। इसमें से अजय टम्टा को 4 लाख 17 हजार 535 वोट मिले जबकि प्रदीप टम्टा 191642 वोटों पर संतोष करना पड़ा।

उत्तराखंड की सबसे हॉट मानी जाने वाली गढ़वाल लोकसभा सीट पर भी बीजेपी का कमल का फूल खिला है।पौड़ी लोकसभा सीट पर बीजेपी के अनिल बलूनी भी चुनाव जीत गए हैं उन्होंने कांग्रेस के गणेश गोदियाल को 1 लाख 55 हजार 839 वोटों के अंतर से हराया। बलूनी को कुल 4 लाख 18 हजार 531 वोट मिले जबकि गोदियाल को 262692 वोट मिले। तीसरे स्थान पर नोटा रहा। पहली बार ही गढ़वाल लोकसभा से करीब 11 हजार से ज्यादा वोट नोटा को डालें गये। बलूनी का ये पहला चुनाव है जिसमें उन्होंने जीत दर्ज की है। इससे पहले 2005 के कोटद्वार विधानसभा उपचुनाव में उन्हें हार मिली थी।








- लगातार चौथी बार रानी का दबदबा बरकरार
- हरिद्वार से त्रिवेंद्र रावत की नैया पार
- अजय भट्ट 33 45 48 से जीते
- अल्मोड़ा से अजय टम्टा भी विजयी
- हॉट सीट गढ़वाल से जीते अनिल बलूनी












# क्या आप जानते हैं पूर्णागिरि की महिमा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 05 जून : नैनीताल जनपद के पड़ोस में और पिथौरागढ़ जनपद में अवस्थित पूर्णागिरी का मंदिर अन्नपूर्णा शिखर पर ५५०० फुट की ऊँचाई पर है । कहा जाता है कि दक्ष प्रजापति की कन्या और शिव की अर्धांगिनी सती की नाभि का भाग यहाँ पर विष्णु चक्र से कट कर गिरा था । प्रतिवर्ष इस शक्ति पीठ की यात्रा करने आस्थावान श्रद्धालु कष्ट सहकर भी यहाँ आते हैं । यह स्थान टनकपुर से मात्र १७ कि.मी. की दूरी पर है । अन्तिम १७ कि.मी. का रास्ता श्रद्धालु अपूर्व आस्था के साथ पार करते हैं ।ऊँची चोटी पर त्रिशुल आदि ही शक्ति के उस स्थान को इंगित करते हैं जहाँ सती का नाभि प्रवेश गिरा था ।



यह स्थान महाकाली की पीठ माना जाता है, नेपाल इसके बगल में है । जिस चोटी पर सती का नाभि प्रदेश गिरा था उस क्षेत्र के वृक्ष नहीं काटे जाते । टनकपुर के बाद ठुलीगाढ़ तक बस से तथा उसके बाद घासी की चढ़ाई चढ़ने के उपरान्त ही दर्शनार्थी यहाँ पहुँचते हैं । रास्ता अत्यन्त दुरुह और खतरनाक है । क्षणिक लापरवाही अनन्त गहराई में धकेलकर जीवन समाप्त कर सकती है । नीचे काली नदी का कल-कल करता रौख स्थान की दुरुहता से हृदय में कम्पन पैदा कर देता है । रास्ते में टुन्नास नामक स्थान पर देवराज इन्द्र ने तपस्या की, ऐसी भी जनश्रुती है ।

भैरव पहाड़ और रामबाड़ा जैसे रमणीक स्थलों से गुजरने के बाद पैदल यात्री अपने विश्राम स्थल टुन्नास पर पहुँचते हैं जहाँ भोजन पानी इत्यादि की व्यवस्थायें हैं । यहाँ के बाद बाँस की चढ़ाई प्रारम्भ होती है जो अब सीढियाँ बनने तथा लोहे के पाइप लगने से सुगम हो गयी है । मार्ग में पड़ने वाले सिद्ध बाबा मंदिर के दर्शन जरुरी हैं । नागा साधु भी स्थान-स्थान पर डेरा जमाये मिलते हैं । झूठा मंदिर के नाम से ताँबे का एक विशाल मंदिर भी मार्ग में कोतूहल पैदा करता है ।प्राचीन बह्मादेवी मंदिर, भीम द्वारा रोपित चीड़ वृक्ष, पांडव रसोई आदि भी नजदीक ही हैं । ठूलीगाड़ पूर्णागिरी यात्रा का पहला पड़ाव है ।

मंदिर की पूजा का कार्य बिल्हागाँव के बल्हेडिया तथा तिहारी गाँव के त्रिपाठी सम्भालते हैं ।वास्तव में पूर्णागिरी की यात्रा अपूर्व आस्था और रमणीक सौन्दर्य के कारण ही बार-बार श्रद्धालुओं और पर्यटकों को भी इस ओर आने को उत्साहित सा करती है । इस नैसर्गिक सौन्दर्य को जो एक बार देश लेता है वह अविस्मरणीय आनंद से विभोर होकर ही वापस जाता है । कुमाऊँ क्षेत्र के कुमैंये, पूरब निवासी पुरबिये, थरुवाट के थारु, नेपाल के गौरखे, गाँव शहर के दंभ छोड़े निष्कपट यात्रा करने वाले श्रद्धालु मेले की आभी को चतुर्दिक फैलायो रहते हैं ।

# हमीदा बानो उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर में जन्मी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 05 जून : जैसे ही मैच कैंसिल होने की घोषणा हुई, भीड़ उग्र हो गई और स्टेडियम में तोड़फोड़ शुरू कर दी. पुलिस ने किसी तरह मामले को संभाला. अगले दिन कुछ अखबारों ने छापा- 'गूंगा पहलवान, हमीदा बानो से डरकर पीछे हट गए...' उस दिन गूंगा पहलवान का मुकाबला हमीदा बानो से होना था, जिन्हें भारत की पहली महिला पहलवान कहा जाता है. गूगल आज (4 मई को) Google Doodle के जरिये हमीदा बानो को याद किया है.

कौन थीं हमीदा बानो ?





हमीदा बानो उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर में जन्मी थीं और शुरू से उनकी कुश्ती में दिलचस्पी थी. उस दौर में कुश्ती सिर्फ पुरुषों तक सीमित थी. महिलाएं तो अखाड़े में उतरने का सोच भी नहीं सकती थीं. हमीदा ने जब अपने परिवार वालों से कुश्ती लड़ने की बात कही, तो परिवार ने उन्हें खूब खरी-खोटी सुनाई. हमीदा ने बगावत कर दी और अलीगढ़ चली आईं. यहां सलाम पहलवान से कुश्ती के दांव-पेंच सीखे और फिर मुकाबले में उतरने लगीं.महेश्वर दयाल 1987 में प्रकाशित अपनी किताब में लिखते हैं कि कुछ साल के भीतर हमीदा बानो (Hamida Banu) उत्तर प्रदेश से लेकर पंजाब तक मशहूर हो गईं. वह बिल्कुल पुरुष पहलवानों की तरह लड़ा करती थीं. शुरू में छोटे-मोटे मुकाबला लड़ती रहीं, लेकिन वह जो हासिल करना चाहती थीं, इन मुकाबलों से नहीं मिल सकता था.

हमीदा बानो (Hamida Banu) साल 1954 में तब चर्चा में आईं, जब उन्होंने एक अजीब ऐलान कर दिया. बानो ने घोषणा की कि जो पुरुष पहलवान उन्हें कुश्ती में हराएगा, उससे शादी कर लेंगी. इस ऐलान के बाद तमाम पहलवानों ने उनका चैलेंज स्वीकार किया, लेकिन हमीदा (Hamida Banu) के आगे टिक नहीं पाए. पहला मुकाबला पटियाला (Patiala) के कुश्ती चैंपियन से हुआ और दूसरा कलकत्ता के चैंपियन से. हमीदा ने दोनों को धूल चटा दी.

गामा पहलवान हट गए पीछे

एक रिपोर्ट के मुताबिक उसी साल हमीदा बानो, वड़ोदरा (तब बड़ौदा कहा जाता था) अपने तीसरे मुकाबले के लिए पहुंचीं. शहर में जगह-जगह उनके पोस्टर और बैनर लगे थे. रिक्शा से लेकर इक्का के जरिये, उनके मुकाबले का प्रचार किया जा रहा था. हमीदा का मुकाबला छोटे गामा पहलवान से होना था, जिनका नाम ही काफी था और महाराजा बड़ौदा के संरक्षण में थे, लेकिन ऐन मौके पर छोटे गामा पहलवान यह कहते हुए मुकाबले से पीछे हट गए कि वह एक महिला से कुश्ती नहीं लड़ेंगे. इसके बाद हमीदा का मुकाबला बाबा पहलवान से हुआ.

हाई हील्स का अविष्कार लड़कों के लिए हुआ था !

दुनिया में हर समय जरूरतों के अनुसार नए-नए आविष्कार होते रहे हैं. कुछ जरूरतें इंसान की प्रकृति ने पूरी कीं तो वहीं कुछ जरूरतों को इंसान ने खुद नए-नए अविष्कार करके पूरा कर लिया. हालांकि कई चीजों का आविष्कार किया किसी और उद्देश्य से गया था, लेकिन अब उनका इस्तेमाल किसी दूसरी ही जगहों पर हो रहा है. उन्हीं में से एक है हाई हील्स. जी हां, लड़कियां सुंदर दिखने के लिए या अपनी हाइट ज्यादा दिखाने के लिए जिन हाई हील्स को पहनती हैं असल में उनका अविष्कार ही लड़कों के पहनने के लिए हुआ था. तो चलिए इस हाई हील्स की कहानी को जानते हैं.

# कहीं साइकोपैथ तो नहीं हैं आप, 2 उंगलियों की लंबाई से जानिए

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 05 जून : दुनियाभर में कई लोग मनोरोग से जूझ रहे हैं। मस्तिष्क में रासायनिक असंतुलन की वजह से मनोविकार पैदा होते हैं। हालांकि कई बार लोगों को खुद ही पता नहीं चल पाता कि वे कब इसके शिकार होकर साइकोपैथ बन चुके होते हैं। यही कारण है कि बहुत कम लोग डॉक्टर के पास कंसल्ट करने जाते हैं। दुनियाभर के रिसर्चर्स मनोरोग के कारणों पर काम कर रहे हैं। अब रिसर्चर्स ने एक ऐसा तरीका ईजाद किया है, जिससे चुटकियों में पता चल जाएगा कि कोई व्यक्ति साइकोपैथ है या नहीं। खास बात यह है कि इसे हाथ की उंगलियों से पहचाना जा सकता है।

अनामिका उंगली तर्जनी उंगली से ज्यादा बड़ी होने पर संभावना



क्यूबेक में सेंटर डी रिचेर्चे चार्ल्स-ले मोयने के शोधकर्ताओं ने चौंकाने वाला दावा किया है। रिसर्च में दावा किया गया है कि जिन लोगों की रिंग फिंगर यानी अनामिका उंगली, तर्जनी उंगली से ज्यादा बड़ी होती है, उनमें मनोरोगी प्रवृत्ति होने की संभावना ज्यादा होती है। स्टडी के लिए रिसर्चर्स ने ८० लोगों का विश्लेषण किया। उनके हाथों की उंगलियों का विश्लेषण करने से पता चला कि 44 प्रतिभागियों में एम्फ़ैटेमिन यूज डिसऑर्डर (AUD) और एंटी सोशल पर्सनैलिटी डिसऑर्डर (ASPD) था। जबकि 36 लोग स्वस्थ थे।


जर्नल ऑफ साइकाइट्रिक रिसर्च में सामने आया है कि इस तरह के व्यवहार वाले लोगों को सामाजिक रूप से समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसे लोग समाज के लिए समस्याएं भी पैदा कर सकते हैं। वैज्ञानिकों ने ये भी कहा है कि इस तरह के व्यवहार बायोलॉजिकल हो सकते हैं। दुनियाभर के शोधकर्ताओं का मानना है कि मनोरोग में लगातार वृद्धि देखी जा रही है। कहा ये भी जा रहा है कि दुनिया की 50 फीसदी आबादी में 75 साल की उम्र तक मानसिक विकार का जोखिम हो सकता है।

# कभी देखी है सांस लेती हुई धरती, ऐसा अद्भुत है नजारा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 05 जून : अपने देश में धरती को सिर्फ प्रकृति की देन नहीं बल्कि इसे मां का दर्जा दिया जाता है. चूंकि हमें धरती से ही सारी चीजें खाने-पीने और रहने के लिए मिलती हैं, ऐसे में इसकी पूजा भी मां के रूप में होती है. वो एक अलग बात है कि धरती को हमारी-आपकी तरह चलते-फिरते या सांस लेते हुए हम कभी नहीं देखते हैं. जरा भी ये डोल जाए, तो बड़ी मुसीबत आ सकती है।

सोशल मीडिया के दौर में तो हम बहुत कुछ देखते हैं लेकिन कुछ ऐसी पोस्ट होते हैं, जिन पर आंखें तत्काल विश्वास ही नहीं कर पाती हैं. अगर हम आपसे कहें कि धरती भी हमारी और आपकी तरह सांस लेती है, तो शायद हमारी बात आप हंसी में उड़ा दें. हालांकि इस वक्त एक ऐसी पोस्ट वायरल हो रहा है, जिसे देखकर आप इसे नजरअंदाज नहीं कर पाएंगे। जो पोस्ट वायरल हो रहा है, उसमें एक जंगल का दृश्य है. यहां बहुत सारे पेड़-पौधे लगे हुए हैं. अचानक ही आप देखेंगे कि तेज़ हवा चलने लगती है और ऐसा लगता है कि धरती सांसे ले रही है. सीने में सांस भरने और छोड़ने जैसे धरती ऊपर और नीचे होती है. पोस्ट देखकर ऐसा लगता है कि धरती सांस भर और छोड़ रही है. सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शेयर किया गया है. जिसके साथ बताया गया है कि ये



अजीबोगरीब नज़ारा जंगल का है. हालांकि हम आपको बता दें कि यहां धरती सांस नहीं ले रही है बल्कि तेज़ हवाओं की वजह से पेड़ों की उथली और ऊपर की ओर मौजूद जड़ें तक हिल जा रही है. ये दृश्य देने में ऐसा लग रहा है मानों धरती सांस ले रही है. धरती पानी के साथ सैचुरेट हो रही है. पेड़ों की जड़ें मिट्टी के साथ खिंचती हैं और ये पेड़ों के उखड़ने के पहले की प्रक्रिया है.

# रुद्रप्रयाग : गुप्तकाशी में 200 मीटर खाई में गिरी बाइक, दो युवकों की दर्दनाक मौत

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

रुद्रप्रयाग 05 जून : गुप्तकाशी क्षेत्र में एक बाइक अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी जिसमें श्रीकोट (पौड़ी गढ़वाल) के दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची एसडीआरएफ टीम ने शवों को निकालकर जिला पुलिस के सुपुर्द किया गया।चारधाम यात्रा मार्ग पर गुप्तकाशी क्षेत्र में एक बहुत बड़ा सड़क हादसा हो गया जिसमें दो युवाओं ने अपनी जान गँवा दी।

मिली जानकारी के अनुसार एसडीआरएफ टीम को सूचना मिली कि गुप्तकाशी क्षेत्र के पास एक मोटरसाईकल गहरी खाई में दुर्घटनाग्रस्त हो गई है और रेस्क्यू के लिए एसडीआरएफ टीम की आवश्यकता है। सूचना मिलने के बाद एसडीआरएफ मौके पर पहुंची और छतिग्रस्त बाइक UK12C-5430 को निकाला गया। बताया जा रहा है कि मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर 200 मीटर गहरी खाई में जा गिरी और इसमें दो लोग सवार थे जिनकी मौके पर ही मौत हो चुकी है।एसडीआरएफ ने इसपर त्वरित कार्रवाही करते हुई दोनों शवों को रस्सी की सहायता से बड़ी मशक्कत करके स्ट्रेचर के माध्यम से मुख्य मार्ग तक लाकर जिला पुलिस सौंप दिया। मृतकों की पहचान जयदीप सिंह रावत उम्र 26 वर्ष पुत्र सुरेंद्र सिंह रावत और रोहित रावत उम्र 25 वर्ष पुत्र स्वर्गीय राम सिंह रावत निवासी श्रीकोट पौड़ी गढ़वाल के रूप में हुई। पुलिस ने इसकी सूचना दोनों मृतकों के परिजनों को देकर आगे की कार्रवाही शुरू कर दी है। इस दुःखद खबर से दोनों के परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।




# देहरादून : जमीन बेचने के नाम पर 90 लाख की धोखाधड़ी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 05 जून : एक व्यक्ति ने प्रेमनगर थाने में तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। इन पर आरोप लगाया है कि इन्होने विधौली स्थित जमीन बेचने की डील कर 90 लाख रुपये हड़प लिए लिए हैं प्रेमनगर थाना के एसओ गिरीश नेगी ने जानकारी दी कि कपिल मलिक, निवासी सेक्टर-56, नोएडा, यूपी की शिकायत पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता कपिल मलिक ने बताया कि किशन पाल सिंह उर्फ केपी सिंह, निवासी मिट्ठी बेहड़ी ने विधौली स्थित अपनी जमीन दिखाकर उनके और उनके पिता के नाम पर रजिस्ट्री करवाई।

इस रजिस्ट्री प्रक्रिया में केपी सिंह का बेटा आशीष और प्रेमनगर माफी निवासी योगेंद्र विद्यार्थी भी शामिल थे। पीड़ित कपिल मलिक ने बताया कि बाद में उन्हें पता चला कि आरोपी पहले ही उस जमीन का काफी हिस्सा बेच चुके थे। इसके चलते मलिक परिवार को जमीन पर कब्जा नहीं मिल सका और उल्टा उन्हें धमकियां मिलनी शुरू हो गईं। एसओ नेगी ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।देहरादून में जमीन की खरीद-फरोख्त से जुड़ी धोखाधड़ी के मामले बढ़ते जा रहे हैं। जमीन माफिया फर्जी दस्तावेज तैयार कर लोगों को ठगने में लगे हुए हैं। पुलिस ने जनता को सतर्क रहने और जमीन खरीदते समय पूरी जांच-पड़ताल करने की सलाह दी है। पुलिस ने जनता से अपील की है कि वे किसी भी संदेहास्पद गतिविधि की तुरंत सूचना पुलिस को दें, ताकि इस प्रकार की धोखाधड़ी को रोका जा सके और दोषियों को सख्त सजा दिलाई जा सके।





# उत्तराखंड : पंखा ठीक कर रहे बीटेक के छात्र की करंट लगने से मौत

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

रामनगर 04 जून : फर्राटा पंखा चलते-चलते खराब होने पर छात्र ने उसे देखना चाहा तो जैसे ही उसने पंखे को छुआ उसे करंट लगा और वह जमीन पर गिर पड़ा। पड़ोसी उसे संयुक्त चिकित्सालय ले गए लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मामला रामनगर के गैबुआ क्षेत्र का है यहाँ 18 वर्षीय रोहित जोशी पुत्र हेम चंद्र जोशी बीती रात को पढाई कर रहा था।

अचानक फर्राटा पंखा बंद हो गया। जैसे ही वह पंखा देखने के लिए गया उसे छूते ही रोहित को करंट लग गया और वह जमीन पर गिर गया। जिसके बाद उसे पिता ने पड़ोसियों की मदद से संयुक्त चिकित्सालय ले जाया गया। लेकिन वे उसे बचा न सके और उसकी मौत हो गई। रोहित आम्रपाली इंस्टीट्यूट से बीटेक प्रथम वर्ष के छात्र था और उसके पिता एक किसान हैं। इस दुखद हादसे से पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

इस दर्दनाक हादसे से सभी को सावधान हो जाना चाहिए। अभी गर्मी का मौसम चल रहा है इसलिए सभी के घर में पंखे, कूलर और एसी इत्यादि चल रहे होंगे। लेकिन जब कभी भी इनमें कोई समस्या आ जाए तो खुद से उसे ठीक करने का उपयोग न करें। यदि ये उपकरण खराब हो जाएं तो उन्हें खुद से सही करने की कोशिश करने की बजाय किसी योग्य तकनीशियन या विशेषज्ञ की मदद लें ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना या नुकसान से बचा जा सके। इस प्रकार सुरक्षा और सावधानी दोनों का ध्यान रखते हुए ही गर्मी से बचाव के उपाय करने चाहिए।





## संक्षिप्त खबरें

### चारधाम यात्रा : 500 स्लॉट बढ़ाने से भी नहीं बनी बात, वापस लौटे यात्री

हरिद्वार। ऋषिकुल मैदान पर बने ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन काउंटर पर मंगलवार को ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन के स्लॉट की संख्या 1500 से बढ़ाकर दो हजार कर दी गई। पांच सौ स्लॉट बढ़ाने से भी बात नहीं बनी और यात्रियों को बिना रजिस्ट्रेशन के ही वापस जाना पड़ा। स्लॉट बढ़ने पर मंगलवार को चारधाम जाने वाले यात्रियों को दोपहर पौने दो बजे को ऑफलाइन की सुविधा मिली। पांच सौ स्लॉट बढ़ाने के बाद भी काफी संख्या में यात्री बिना रजिस्ट्रेशन के वापस लौटने को मजबूर रहे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सोमवार को ऋषिकुल मैदान स्थित ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन काउंटर पर पहुंचे थे। जहां उन्होंने यात्रियों से उनका हालचाल जाना था। मुख्यमंत्री ने ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन के स्लॉट बढ़ाने की बात भी कही थी। जिसके बाद मंगलवार को 2000 यात्रियों का रजिस्ट्रेशन किया गया। पांच सौ स्लॉट बढ़ाने से केवल इतना फर्क पड़ा कि रजिस्ट्रेशन दोपहर पौने दो बजे तक चले। लेकिन उसके बाद भी यात्रियों के हाथ निराशा ही लगी। मंगलवार को भी काफी संख्या में चारधाम यात्री घंटों लाइन में लगने के बाद भी बिना रजिस्ट्रेशन के ही वापस लौटने पर मजबूर रहे। रजिस्ट्रेशन न होने से निराश यात्रियों का कहना था कि शासन को स्लॉट बढ़ाने चाहिए।

### रिजल्ट आने तक एक दूसरे को जीताते रहे समर्थक

हरिद्वार। मतगणना को लेकर मंगलवार को धर्मनगरी में लोग उत्साहित नजर आए। सुबह से लोगों ने चुनाव में हार और जीत की जानकारी जुटानी शुरू कर दी। घरों में हार और जीत की जानकारी जुटाने के लिए पूरा दिन लोग टीवी के सामने बैठे रहे। बाजारों में भी लोग बड़ी संख्या में दुकानों के आगे खड़े होकर टीवी पर परिणामों की जानकारी लेते नजर आए। व्यापारियों के बीच दिनभर मतगणना को लेकर चर्चा चलती रही। बाजारों में लोग हार और जीत का आकलन करते दिखे। विभिन्न स्थानों पर लोग समूह में चर्चा करने के दौरान अपने-अपने तर्क देते नजर आए। चुनावी नतीजे आने के कारण बाजारों में ग्राहकों की भीड़ कम रही। सड़कें सुनसान नजर आई। कई स्थानों पर व्यापारियों ने समूह में बैठ कर चुनावी परिणाम देखे।

### दलित और मुस्लिम गठजोड़ को साध नहीं पाई कांग्रेस

हरिद्वार। भाजपा से पहली बार सांसद बने त्रिवेंद्र सिंह रावत को चार साल सीएम रहते हुए हरिद्वार में किए गए कामों ने जीत दिलाई। इसके साथ ही मोदी मैजिक ने शहरों में काम किया, जबकि कांग्रेस दलित और मुस्लिम के गठजोड़ को साध नहीं पाई। इधर निर्दलीय प्रत्याशी विधायक उमेश कुमार ने दलित और मुस्लिम वोटों पर सेंधमारी कर कांग्रेस को हार तक पहुंचा दिया। भले ही भाजपा ने पिछली दो बार से हरिद्वार सीट को जीता हो, लेकिन इस बार भाजपा के लिए चुनौती कम नहीं थी, क्योंकि पहली बार मुस्लिम और दलित मतदाता को एक करने का प्रयास किया जा रहा था। जिसमें भाजपा ने कांग्रेस को कामयाब नहीं होने दिया। भाजपा की मजबूती उनका संगठन भी रहा, जो लगातार क्षेत्र में काम कर रहा था। इसके अलावा हर क्षेत्र में स्थानीय नेताओं और विधायकों को संयोजक बनाया गया था। संयोजकों की भी समीक्षा प्रदेश स्तर से की जा रही थी। इसके अलावा देहात क्षेत्र को मजबूत करने के लिए गांव-गांव अभियान चलाया, जिसमें दिग्गज नेताओं ने रात्रि प्रवास तक किया।

### मारपीट के आरोप में मुकदमा दर्ज

रुड़की। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में महिला समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार लामग्रट निवासी धर्मपाल ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसका पुत्र खेत से घर लौट रहा था। इस दौरान एक महिला और पांच लोगों ने पुत्र पर लोहे की रॉड से हमला कर उसे घायल कर दिया। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर तहरीर के आधार पर वीरेंद्र सिंह, अजय कुमार, गोविंदा, दीपक कुमार तथा किरण के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। भगवानपुर थाना प्रभारी सूर्य भूषण नेगी ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पूछते रहे लोग, किसकी बन रही सरकार

रुड़की। मंगलवार को सुबह आठ बजे से ही सोशल मीडिया पर मतगणना की अपडेट आनी शुरू हो गई। सरकारी, गैर सरकारी दफ्तर और दुकानों के अलावा बस अड्डा, रेलवे स्टेशन पर सभी लोग चुनाव के नतीजे जानने में व्यस्त दिखे। शहर से सुदूर देहात तक चर्चा यही थी कि केंद्र में सरकार किसकी बनेगी। क्षेत्र में सुबह से ही मतगणना को लेकर चर्चा हो रही थी। आठ बजे वोटों की गिनती शुरू होते ही मीडिया और सोशल मीडिया पर अपडेट आने लगी।

### शोक सभा का आयोजन किया

रुड़की। पत्रकार जसवीर सिंह की मां लखमीरी देवी (93) का बीती रात निधन हो गया। पिछले कुछ दिनों से वे अस्वस्थ थी। इसे लेकर लक्सर में पत्रकारों ने शोक सभा का आयोजन किया। जिसमें प्रदीप चौधरी, प्रवीण सैनी, जाने आलम, गोपाल सैनी, श्याम राठी, रजनीश कुमार, नीरज शर्मा, आफताब खान, राजीव नामदेव, संजय धीमान, प्रवीण कश्यप, लवजीत शर्मा, कृष्णकांत पुरोहित, विनित कुमार, अश्विनी पंडित, इतेश धीमान, अरुण कुमार, डॉ. कपिल आर्य, पवन भारतीय, गोविंद चौधरी, फिरोज अहमद, जॉनी चौधरी आदि ने मौन रखकर मृत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

### मारपीट में दो गिरफ्तार

रुड़की। बीती रात कलियर अड्डे पर मारपीट में दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। रुड़की कोतवाली के कांस्टेबल कैलाशराम और प्रीतम को सूचना मिली कि कलियर अड्डे पर शादाब निवासी कलियर और शाहरूख निवासी रामपुर झगड़ रहे हैं। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया।

### ट्रेनों के संचालन में सुधार से यात्रियों को राहत

रुड़की। ट्रेनों के संचालन में मंगलवार को पहले के मुकाबले काफी सुधार हुआ। सिर्फ गोरखपुर से जम्मूतवी समर स्पेशल आठ घंटे, कामाख्या से श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा, वीकली स्पेशल छह घंटे, सहरसा से अमृतसर, गरीबरथ एक्सप्रेस पांच घंटे और जयनगर से अमृतसर, शहीद एक्सप्रेस दो घंटे लेट हुई। जम्मूतवी से कोलकाता, कोलकाता एक्सप्रेस, योगनगरी ऋषिकेश से पुरी, कलिंग उत्कल एक्सप्रेस, श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा से योगनगरी ऋषिकेश, हेमकुंड एक्सप्रेस, उदयपुर सिटी से योगनगरी ऋषिकेश, योगनगरी ऋषिकेश एक्सप्रेस, श्रीगंगानगर से हरिद्वार, हरिद्वार एक्सप्रेस, अमृतसर से देहरादून, देहरादून एक्सप्रेस करीब लगभग एक घंटे की देरी से चली।

# उत्तराखंड : मार्शल आर्ट्स की नेशनल चैंपियनशिप में दम दिखाएंगे तीन खिलाड़ी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क






देहरादून 05 जून : परेड ग्राउंड में आयोजित राज्यस्तरीय वुशु चैंपियनशिप 2024 में रक्षते मार्शल आर्ट के पांच खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें से तीन खिलाड़ी गोल्ड मैडल जीतकर राष्ट्रीय प्रतियोगिता लिए चयनित हुए हैं।देहरादून के परेड ग्राउंड में 01 जून से 02 जून तक राज्यस्तरीय वुशु चैंपियनशिप 2024 का आयोजन हुआ, जिसमें रक्षते मार्शल आर्ट के पांच खिलाड़ी भाग लिए।

कशिश कश्यप, मनीषा चौहान और निशांत ने स्वर्ण पदक जीतकर नेशनल चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया। जबकि एक और खिलाड़ी पीहू ने कांस्य पदक जीता। अकादमी के प्रमुख प्रशिक्षक अमन राठौड़ और विवेक राठौड़ ने कहा कि मार्शल आर्ट न केवल खेल के क्षेत्र में पहचान बनाने में मददगार है, बल्कि आत्मरक्षा में भी सहायक है। उन्होंने विशेष रूप से लड़कियों को मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण लेने की सलाह दी।अंडर-12 बालिका वर्ग के 21 किलो भार वर्ग में नैनीताल की निर्वाणी जोशी ने स्वर्ण पदक जीता। 24 किलो भार वर्ग में देहरादून की मेघा भट्ट ने स्वर्ण पदक, अभियेशा ने रजत पदक और सानवी ने कांस्य पदक हासिल किया। 27 किलो भार वर्ग में देहरादून की आराध्या ने स्वर्ण पदक, विदिशा ने रजत पदक और नैनीताल की आशी बिष्ट ने कांस्य पदक जीता। 30 किलो भार वर्ग में नैनीताल की निहारिका ने स्वर्ण पदक, देहरादून की सिद्धि ने रजत पदक और नैनीताल की सृष्टि थापा ने कांस्य पदक जीता और 36 किलो भार वर्ग में पौड़ी की काव्या ने स्वर्ण पदक, अनिका ने रजत पदक और देहरादून की गौरवी ने कांस्य पदक जीता।

# उत्तराखंड : व्हाट्सएप पर वीडियो कॉल करके बनाता था सेक्सटॉर्शन का शिकार, हुआ गिरफ्तार

न्यूज़ वायरस नेटवर्क




पौड़ी गढ़वाल 05 जून : अज्ञात व्यक्ति ने व्हाट्सऐप पर वीडियो कॉलिंग की और वीडियो बनाकर ब्लैक मेल करने लगा। पीड़ित व्यक्ति द्वारा मामले के सूचना पुलिस को देने के बाद आरोपी को जयपुर से गिरफ्तार कर लिया गया है और इसने 4.20 लाख की ठगी भी की है। आरोपी को जेल भेज दिया गया है तथा उसके अन्य साथियों की तलाश जारी है।

आमजन की ज़िन्दगी में सोशल मीडिया आने से सहूलियत के साथ-साथ परेशानियां भी बहुत बढ़ चुकी है यदि आप सावधान और सतर्क रहकर इसका उपयोग नहीं करते तो आप किसी बड़े ट्रैप में भी फंस सकते हो। मामला पुलिस लाइन पौड़ी का है जिसका खुलासा करते हुए एसएसपी लोकेश्वर सिंह ने बताया कि उन्हें 3 मई को पौड़ी निवासी देव पुंडीर ने शिकायत प्रार्थना पत्र सौंपा जिसमें उन्होंने बताया कि एक अज्ञात व्यक्ति ने व्हाट्सऐप पर वीडियो कॉल की और उस कॉल का वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने लगा। आरोपी उसे सेक्सटॉर्शन (यौन शोषण से जुड़ा भ्रष्टाचार) के नाम पर धमकाकर पुलिस में शिकायत करने की भी धमकी दे रहा था। इसके बदले में आरोपी ने 4 लाख 20 हजार रुपए उसके खाते में ट्रांसफर करने को कहा।पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने धोखाधड़ी और आईटी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है जिसमें पुलिस ने आरोपी विशाल वाल्मीकि को जयपुर, राजस्थान से गिरफ्तार कर लिया है। अब पुलिस घटनाक्रम में शामिल अन्य आरोपी राजस्थान निवासी माया देवी की तलाश में जुटी है। एसएसपी ने बताया कि आरोपी को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पौड़ी की अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे जिला कारागार खांड्यूसैंण भेज दिया गया है।

# उत्तराखंड : कक्षा 6 और कक्षा 9 के छात्रों को सरकार दे रही है छात्रवृत्ति, जल्दी करें आवेदन

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



देहरादून 05 जून : कक्षा 6 और कक्षा 9 के छात्रों को छात्रवृति प्रदान करने हेतु एक फॉर्म भरना होगा जिसकी अंतिम तिथि 4 जुलाई 2024 है और जुलाई के अंतिम सप्ताह में परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। उसके बाद उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को छात्रवृत्ति दी जाएगी।

उत्तराखंड राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री मेधावी छात्र प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत एक नई पहल की शुरुआत की है जिसमें कक्षा 6 और कक्षा 9 में पढ़ रहे छात्र-छात्राएं छात्रवृति परीक्षा में प्रतिभाग कर इस परीक्षा को उत्तीर्ण करके प्रतिमाह छात्रवृति ले सकते हैं। इसके लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है जिसकी अंतिम तिथि 04 जुलाई 2024 निर्धारित की गई है।

अपर शिक्षा निदेशक वंदना गर्ब्याल वंदना गर्ज्याल ने सभी सीईओ, डीईओ व प्रधानाचार्यों को छात्र-छात्राओं को इस योजना के बारे में जागरूक करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही गर्मियों की छुट्टियों के दौरान छात्रों की चयन परीक्षा में तैयारी हेतु सहयोग करने के भी निर्देश जारी किए हैं।इस परीक्षा में चयनित कक्षा 6 के अभ्यर्थियों को प्रतिमाह 600 रुपए दिए जायेंगे और यदि अभ्यर्थी के कक्षा 6 में 60 प्रतिशत अंक होंगे तो उसे कक्षा 7 में 700 रुपए प्रतिमाह दिए जायेंगे तथा अगर अभ्यर्थी के कक्षा 7 में 60 प्रतिशत अंक होंगे तो उसे आगे कक्षा 8 में 800 रुपए प्रतिमाह छात्रवृति दी जाएगी साथ ही एससी व एसटी अभ्यर्थियों को 5 प्रतिशत का वेटेज मिलेगा। कक्षा 6 के अभ्यर्थी परीक्षा फॉर्म यहाँ से डाउनलोड करें।इस परीक्षा में चयनित कक्षा 9 के अभ्यर्थियों को प्रतिमाह 900 रुपए छात्रवृति के तौर पर दिए जाएंगे और यदि छात्र कक्षा 9 में 60 प्रतिशत अंकों के साथ पास होता है तो उसे कक्षा 10 प्रतिमाह 1000 रुपए दिए जायेंगे। यहाँ पर भी एससी व एसटी अभ्यर्थियों को 5 प्रतिशत का वेटेज मिलेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### कार का शीशा तोड़कर फोन लेकर भाग रहे चोर को पीटा

रुड़की। कार का शीशा तोड़कर फोन लेकर भाग रहे एक चोर को लोगों ने पकड़कर पीट दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपी के खिलाफ मुकदमे की कार्रवाई के बाद उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। रुड़की कोतवाली को बंदा रोड निवासी आमिर खान ने बताया कि बीती शाम के वक्त शकील उर्फ भूरा निवासी बंदा रोड ने घर के बाहर खड़ी कार का शीशा तोड़ दिया था। जहां से उसने दो फोन निकालकर भाग रहा था।

### अपहरण और दुष्कर्म का वांछित आरोपी गिरफ्तार

रुड़की। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने अपनी पुत्री को बहला फुसला कर उसका अपहरण किए जाने के संबंध में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने मंगलवार को युवती को बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। मेडिकल रिपोर्ट में युवती के साथ दुराचार की भी पुष्टि हुई है। करीब पांच दिन पूर्व कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि दूसरे गांव का रहने वाला एक युवक उसकी पुत्री को रास्ते में आते जाते परेशान करता था। बाद में, उसे अपने प्रेम जाल में फंसा लिया था।

### मारपीट करने के आरोप में महिला समेत चार पर केस

रुड़की। घर वासप लौट रहे युवक पर घात लगाकर हमला करने के आरोप में पुलिस ने मंगलवार को एक महिला सहित कुल चार आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू की है। लंढौरा चौकी क्षेत्र के मोहल्ला पठान चौक निवासी फरमान अहमद ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि एक जून की शाम को उसका भाई परवेज अहमद अपनी बाइक पर सवार होकर मजदूरी कर अपने घर लौट रहा था। जैसे ही वह कस्बे के लैला मजनू चौक पर पहुंचा तो वहां पहले से घात लगाए बैठे आरोपियों ने लाठी डंडों व अन्य हथियारों से उस पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया तथा उसकी बाइक भी तोड़ दी। मौके पर राहगीरों जो जुटता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। इंस्पेक्टर अमरचंद शर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर गुलफाम उर्फ रिहान, सलमा बेगम, फुरकान तथा जुल्लू निवासी बारात घर के सामने लंढौरा, कोतवाली मंगलौर के खिलाफ प्रभावी धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू की गई है।

### ब्लॉक परिसर से ग्रामीण की बाइक चुराई

रुड़की। लक्सर के बुक्कनपुर निवासी बबलू पुत्र बलराम अपनी मोटरसाइकिल लेकर किसी काम से लक्सर विकासखंड कार्यालय आया था। इस दौरान कार्यालय परिसर में खड़ी उसकी मोटरसाइकिल किसी ने चोरी कर ली। पीड़ित ने मंगलवार को थाने में अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी है। तहरीर के आधार पर लक्सर कोतवाली की पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चोर की शिनाख्त कर रही है।

### दहेज उत्पीड़न में तीन लोगों पर मुकदमा

रुड़की। विवाहिता को पति समेत ससुराल के अन्य लोगों ने मारपीट कर घर से निकाल दिया। पुलिस ने पति समेत ससुराल के तीन लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न समेत अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। उप निरीक्षक आशीष भट्ट को मामले की जांच सौंप गई है। रुड़की कोतवाली को सुभाष नगर निवासी गोपाल सिंह रावत ने बताया कि पुत्री का विवाह पांच दिसंबर 2021 को प्रवीण चड्ढा के साथ किया था। परिवार ने अपनी हैसियत के मुताबिक विवाह में काफी दान दहेज दिया था। आरोप है कि विवाह के बाद से ही ससुराल पक्ष पुत्री को दहेज के लिए परेशान करने लगा था। पुत्री के बढ़ते उत्पीड़न से तंग आकर कई बार ससुराल पक्ष को अतिरिक्त रकम भी दी गई थी। आरोप है कि कुछ वक्त पूर्व ससुराल पक्ष के लोग पुत्री को दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर मायके छोड़कर चले गए थे। इंस्पेक्टर आरके सकलानी ने बताया कि पियूष चड्ढा और प्रवीण चड्ढा निवासी सिविल लाइंस समेत तीन लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न समेत अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

### गढ़वाल विवि के 10 छात्रों को नौकरी मिलने का दावा

श्रीनगर गढ़वाल। हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि की करियर काउंसिलिंग एवं प्लसमेंट सेल ने बीटेक मेकेनिकल के छात्र-छात्राओं के लिए प्लसमेंट कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें केपी रिलायबल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के एचआर मैनेजर पंकज कुमार दुबे और निधि शर्मा ने छात्रों का साक्षात्कार लिया। जिसमें 10 छात्र-छात्राओं का चयन कंपनी के एचआर द्वारा किया गया। छात्रों का चयन कंपनी में क्वालिटी इंस्पेक्टर के पद पर हुआ है। इस मौके पर प्रो.राकेश डोडी, डॉ. बृजेश गांगिल, संतोष घिल्डियाल आदि मौजूद रहे।

### एक किलो चरस के साथ दो युवक गिरफ्तार

नई टिहरी। पुलिस की ओर से मादक पदार्थों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत देवप्रयाग थाना पुलिस ने विगत सोमवार को देर शाम दो तस्करों को एक किलो चरस के साथ गिरफ्तार किया है। चरस की कीमत दो लाख रुपये आंकी गयी है। थाना प्रभारी महिपाल सिंह रावत ने बताया कि एसएसपी टिहरी के निर्देश पर मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सोमवार देर शाम राजमार्ग स्थित बछेली खाल में पुलिस ने श्रीनगर की ओर से आ रहे बाइक सवारों की तलाशी ली। जिसमें दोनों शातिर तस्करों से एक किलो चरस बरामद हुई। पुलिस आरोपी बृजेश ध्यानी पुत्र कमल किशोर ध्यानी, निवासी लेन-3, बापू ग्राम वीरभद्र ऋषिकेश और कुणाल जाटव पुत्र स्व. राकेश कुमार निवासी मकान नंबर 30, जीवनी माई मार्ग, पुरानी मंडी ऋषिकेश के खिलाफ एनडीपीएस ऐक्ट में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में तस्करों ने बताया कि वह चरस को हेलंग, चमोली से ऋषिकेश बेचने ले जा रहे थे। यहां से वह अक्सर चरस लाकर सिगरेट में भर इसके शौकीनों, कॉलेज के छात्रों, ठेकेदारों आदि को ऊंचे दामों पर बेचकर काफी मुनाफा कमाते हैं। पुलिस टीम में एएसआई राकेश बिष्ट, सिपाही विवेक भट्ट, भूपेंद्र कुमार और रवि थापा शामिल रहे।

### आंधी-तूफान से गिरे पेड़ से कार क्षतिग्रस्त

नई टिहरी। बदरीनाथ राजमार्ग पर तेज आंधी और बारिश से एक पेड़ कार के ऊपर गिर गया। जिससे कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि घटना के समय चालक कार खड़ी कर पास की दुकान में चाय पीने गया था, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। थाना प्रभारी महिपाल सिंह रावत ने बताया कि बीते सोमवार की शाम को तेज आंधी के साथ हुई बारिश से भल्ले गांव में एक पेड़ उखड़ कर राजमार्ग पर खड़ी कार के ऊपर गिर गया। जिससे कार की छत पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी। सूचना पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। घटना के समय कार में कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था। जानकारी मिली कि कार चालक चंद्रवल्लभ सती मायापुर, पीपलकोटी जिला चमोली घटना के समय पास की दुकान में चाय पीने गया था, जिससे वह हादसे का शिकार होने से बच गया। वन विभाग ने पेड़ को राजमार्ग से हटाकर बदरी-केदार यात्रा को सुचारु किया।

# ये हैं दुनिया की 5 सबसे बेशकीमती चीजें, कीमत सुन उड़ जाएंगे होश

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 05 जून : इस दुनिया में एक से बढ़कर एक और महंगी से महंगी चीज मौजूद है। सभी अपने बजट के मुताबिक सस्ते से लेकर महंगी चीजों का चुनाव करते हैं। लेकिन जब भी महंगी चीजों के बारे में बात निकलती है तो सभी सोच में पड़ जाते हैं कि आखिरकार ऐसा क्या होगा जो इस दुनिया में सबसे महंगा होगा। आप में से बहुत से लोग कुछ चीजों के बारे में जानते भी होंगे। लेकिन आज हम आपको दुनिया की तीन सबसे महंगी चीजों की जानकारी देते हैं। जिनकी कीमत किसी के भी होश उड़ा सकती है।दुनिया की सबसे महंगी चीज अगर कोई है तो वह है इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन जिसकी कीमत तकरीबन 50 अरब डालर यानी की 12 लाख करोड़ रुपए है। 12 साल की मेहनत के बाद दुनिया के कई सारे एक्सपर्ट्स ने मिलकर इसे तैयार किया है। यह स्पेस स्टेशन अफ्रीका के नामीबिया के 265







मील ऊपर मौजूद है।

दुनिया की दूसरी महंगी चीज एक लग्जरी यॉट है। जो हिस्ट्री सुप्रीम यॉट के नाम से पहचाना जाता है। इसकी कीमत 40,000 करोड़ है यह मलेशिया के बिजनेसमैन रॉबर्ट कुक का है। इसे बनाने में 1 लाख किलोग्राम सॉलिड सोने और प्लैटिनम का इस्तेमाल किया गया है। इसके बेडरूम में उल्का पिंड की चट्टाने लगी हुई है। यहां मिलने वाले वाइन के गिलास 18 कैरेट डायमंड से तैयार हुए हैं।दुनिया की तीसरी महंगी चीज हबल स्पेस टेलीस्कोप है जिसकी मदद से न सिर्फ धरती का कोना कोना बल्कि अंतरिक्ष का हर तारा देखा जा सकता है। 1990 में इसे स्थापित किया गया था। ग्लोबल मार्केट में इसकी कीमत 16.5 हजार करोड रुपए बताई जाती है।इन तीन चीजों के अलावा चौथी सबसे महंगी चीज अमेरिकी राष्ट्रपति की सवारी एयर फोर्स वन है। यह तीन मंजिला प्राइवेट जेट है जैसे 1000 किलोमीटर की स्पीड से उड़ाया जा सकता है। इसकी कीमत 5346 करोड़ रुपए है। दुनिया की पांचवीं सबसे महंगी चीज की बात करें तो यह इंग्लैंड की महारानी एलिजाबेथ का शाही मुकुट है, जिसमें भारत का कोहिनूर हीरा जड़ा हुआ है। ग्लोबल मार्केट में इस हीरे की कीमत 4787 करोड़ रुपए और यह 109 कैरेट का है।

# दुनिया का अजूबा है ये जगह, धरती से आकाश का होता है 'मिलन

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 05 जून : सालार दे उयुनी को दुनिया का अजूबा कहा जाता है, क्योंकि यहां धरती दर्पण की तरह दिखती है, जिसमें आकाश का प्रतिबिम्ब दिखता है. उसे देखकर ऐसा लगता है कि मानो धरती से आकाश का 'मिलन' हो गया हो. अद्भुत नजारों के लिए ये जगह दुनियाभर में फेमस है, जिन्हें देखकर आपकी सांसे भी थम जाएंगे।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक यूजर ने पोस्ट किया है, जिसके कैप्शन में बताया गया है कि बोलीविया की सालार दे उयुनी अपने सबसे खूबसूरत दृश्यों के लिए जानी जाती है. यह दुनिया का सबसे बड़ा नमक का मैदान है, जो बहुत पहले वाष्पित हो चुकी झीलों द्वारा कैप्शन में आगे बताया है कि यहां नमक की एक मोटी परत क्षितिज तक फैली हुई है. यहां जमीन पर नमक के बहुभुज पैटर्न से ढकी हुई है. साल के कुछ निश्चित समय में आसपास की झीलें जब ओवरफ्लो हो



जाती हैं, तब इस जगह पर दूर-दूर तक पानी भर जाता है, जिसमें आकाश का प्रतिबिंब दिखता है. यही वजह है कि यहां का नजारा बहुत ही आश्चर्यजनक हो जाता है. यह दृश्य को हैरान कर देगा. ये नजारा आपके दिल को छू लेगा जिसमें दिखता है सफेद बादलों से भरे स्काई ब्लू आकाश का प्रतिबिंब नीचे पानी पर बनता है. यह ऐसा दृश्य है, जिसे शायद ही पहले कभी आपने देखा होगा।

दुनिया का सबसे बड़ा नमक मैदानः सालार दे उयुनी को सालार दे तुनुपा के नाम से भी जाना जाता है. ये जगह दुनिया का सबसे बड़ा नमक का मैदान है, जो 10,000 वर्ग किलोमीटर में फैला है. यह बोलीविया में डैनियल कैम्पोस प्रांत में स्थित है.

# पिथौरागढ़ : कीड़ा जड़ी ढूंढने गए थे दो युवक, आसमानी बिजली गिरने से हुई मौत

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

पिथौरागढ़ 05 जून : गर्गुवा ग्राम पंचायत के सौप तोक निवासी पंकज सिंह उम्र 28 वर्ष और जितेंद्र सिंह कुंवर उम्र 32 वर्ष करीब 15 दिन पूर्व अन्य ग्रामीणों के साथ कीड़ाजड़ी निकालने छिपला केदार क्षेत्र में गए थे। तीन दिन लगातार मौसम खराब रहने के कारण बिजली गिरने से इन दोनों की मौत हो गई।उत्तरखंड के सुदूरवर्ती गांवों में अक्सर लोग बर्फ पिघलने के दौरान कीड़ाजड़ी निकालने के लिए उच्च पहाड़ी क्षेत्रों में जाते हैं। इन्हें बेचकर अच्छा खासा मुनाफा उन्हें होता है लेकिन इसके लिए कई दिनों तक बर्फ में इनकी खोजबीन करनी पड़ती है और मौसम ख़राब होने पर कई बार लोग इसमें अपनी जान भी गंवा चुके हैं ऐसा ही एक मामला जनपद पिथौरागढ़ से आया है। यहाँ धारचूला तहसील के ग्राम पंचायत के सौप तोक से कई ग्रामीण 15 दिन पहले कीड़ाजड़ी निकालने गए हुए थे। इनमें से




पंकज सिंह पुत्र त्रिलोक सिंह और जितेंद्र सिंह कुंवर पुत्र दौलत सिंह कुंवर की तीन दिन पूर्व बिजली गिरने से मौत हो गई।वहां पर संचार की सुविधा न होने के कारण इस हादसे की सूचना साथ गए ग्रामीणों ने धारचूला पहुंचकर परिजनों को दी। जिसके बाद दोनों मृत युवकों के परिजन छिपला केदार क्षेत्र स्थित बुग्यालों में पहुंचे। यहाँ तक पहुँचने के लिए भी बेहद ही खतरनाक चट्टानी रास्तों से गुजरना पड़ता है। इसलिए वहां से शवों को नीचे लाना मुश्किल था जिस कारण दोनों का अंतिम संस्कार वहीं किया गया। हादसे के बाद दोनों के परिवार में कोहराम मच गया है और पूरा क्षेत्र शोक में डूबा है।

## संक्षिप्त खबरें

### भागीरथी का पानी रोकने से देवप्रयाग में जल संकट

नई टिहरी। टिहरी बांध परियोजना में भागीरथी का पानी एक माह तक रोके जाने से देवप्रयाग के 40 किमी क्षेत्र के गांवों में जल संकट गहरा गया है। यहां भागीरथी स्थित तीन प्रमुख पंपिंग योजनाओं से जलापूर्ति बनाना जल संस्थान के लिए चुनौती बन गया है। देवप्रयाग और नरेंद्रनगर ब्लॉक के करीब डेढ़ सौ गांवों से इन योजनाओं से जलापूर्ति होती है। भागीरथी में इस समय मात्र 3 से 4 क्यूमैक्स पानी प्रवाहित हो रहा है। ऐसे में पंपिंग बनाये रखने के लिए जल संस्थान ने युद्धस्तर पर कवायद शुरू कर दी गयी है। ईई नरेशपाल सिंह के अनुसार भागीरथी में बनी कोटेश्वर झण्डीधार, क्वीली पालकोट व मुनेठ सजवाण काण्डा पंपिंग योजना से सप्लाई बनाये रखने के लिए नदी तट पर 5 मीटर गहरे व 70 मीटर लंबे कौफर डैम पोकलैंड मशीन से बनाये जा रहे हैं। जिनसे पाइपों के जरिये एक जुलाई तक मेन टैंक को भरकर जलापूर्ति की जायेगी। वहीं विभाग की ओर से 15 टैंकर भी जल संकट से निपटने के लिए रखे गए हैं। इनमें से चार टैंकरो से लसेर-चाका क्षेत्र में जलापूर्ति शुरु कर दी गयी है। मांग के आधार पर टैंकरों को जल संकट झेल रहे गांवो तक भेजा जाएगा। टैंकरों को भरने के लिए भुईंट गदेरे में बोरिंग कर मिनी ट्यूबवैल फीलिंग स्टेशन बनाया गया है।

### अनियंत्रित बाइक खाई में गिरी, दो युवकों की मौत

रुद्रप्रयाग। केदारनाथ हाईवे पर फाटा के समीप चंडिकाधार में मंगलवार को एक दुपहिया वाहन अनियंत्रित होकर खाई गिर गया। हादसे में दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस और एसडीआरएफ की सहायता से दोनों शवों को सड़क तक पहुंचाया गया। पुलिस ने पंचनामा भरने के बाद दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया है। जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह सूचना मिली कि चंडिकाधार के समीप एक बाइक सड़क किनारे क्षतिग्रस्त स्थिति में है। घटना की सूचना मिलते ही चौकी फाटा पुलिस एवं एसडीआरएफ मौके पर पहुंची। खोजबीन के बाद बाइक सवारों के खाई में गिरे होने की आशंका जताई गई। एसडीआरएफ के जवानों ने खाई में उतरकर खोजबीन शुरू की। जिसमें दो युवक खाई में गिरे दिखाई दिए। जिनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी। शवों को खाई से निकालकर सड़क तक पहुंचाया गया, जहां पुलिस ने पंचनामा भरकर शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेजा। मृतकों की पहचान 25 वर्षीय जयदीप सिंह रावत पुत्र सुरेंद्र सिंह रावत, निवासी श्रीकोट, पौड़ी गढ़वाल और 26 वर्षीय रोहित रावत पुत्र स्व. राम सिंह, निवासी श्रीकोट पौड़ी के रूप में हुई है। चौकी प्रभारी फाटा दिनेश चंद्र सती ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और एसडीआरएफ मौके पर पहुंची। रोप की सहायता से खाई में उतरकर खोजबीन शुरू की गई। घटना स्थल पर ही दोनों बाइक सवारों की मृत्यु हो चुकी थी। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

### 25 सिख तीर्थ यात्रियों का पैदल दल हेमकुंड पहुंचा , दरबार साहिब में मत्था टेका

चमोली। दिव्यांग जत्थेदार हरजीत सिंह के नेतृत्व में सुलतानपिंड अमृतसर से 25 सिख तीर्थ यात्रियों का पैदल दल ने सोमवार को हेमकुंड पहुंचकर दरबार साहिब में मत्था टेका। इससे पहले सभी सिख यात्रियों ने नियमानुसार हिम सरोवर में स्नान किया और उसके बाद दरबार साहब में सबद कीर्तन में शिरकत की। बता दें कि आठ मई को 25 सिख यात्रियों का यह जत्था अमृतसर से पैदल हेमकुंड के लिए चला था, जिसमें 5 बच्चे भी शामिल हैं। गोविन्दघाट गुरुद्वारा प्रबंधक सेवा सिंह ने बताया कि सोमवार को इस जत्थे ने हेमकुंड साहिब के दर्शन किए और मंगलवार को जत्था वापस गोविन्दघाट पहुंचा है। 35 वर्षीय दिव्यांग जत्थेदार हरजीत सिंह कहते हैं कि वाहे गुरु की कृपा से ही वे श्री हेमकुंड साहिब की 10वीं पैदल यात्रा कर रहे हैं। कहते हैं कि इस बार उनके साथ 24 अन्य लोग भी आये हैं, जिसमें 5 बच्चे भी शामिल हैं। जिनकी उम्र 8 से 16 वर्ष के बीच है। कहते है कि वे आगे भी पैदल हेमकुंड की यात्रा करने की इच्छा रखते हैं। उन्होंने बताया कि उन्हें हर वर्ष पैदल यात्रा करने में लगभग 1 महीने का समय लगता है। इसलिए वे जालंधर, रोपड़, पौंटा साहब, ऋषिकेश आदि स्थानों पर रुकते हुए आते हैं। सोमवार को हेमकुंड के दर्शन के बाद मंगलवार दोपहर बाद गोविन्दघाट पहुंचने पर गुरुद्वारा कमेटी की ओर से प्रबंधक सेवा सिंह ने हरजीत सिंह का अभिवादन किया।

# मंगल ग्रह से आया बच्चा, किए ऐसे-ऐसे दावे, सुनकर साइंटिस्ट भी हैरान

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 05 जून : दुनिया मंगल ग्रह पर बसने का सपना देख रही है. इसी बीच एक बच्चे के दावे ने सनसनी मच दी है. उसका कहना है कि वह मंगल ग्रह से आया है. उसका 'पुनर्जन्म' हुआ है और धरती पर एक भयावह चेतावनी देने के लिए उसे भेजा गया है. उसने मंगल और धरती के बारे में ऐसी-ऐसी बातें बताएं कि साइंटिस्ट भी जानकर सन्न रह गए. हालांकि, अजीबोगरीब दावे करने के बाद वह रहस्यमय तरीके से गायब हो गया. बहुत तलाश हुई, लेकिन नहीं मिला. अब एक बार फरि वह सुर्खियों में है. लोग पूछ रहे कि आखिर वह है कहां? पूरा मामला जानकर आप भी अचंभित रह जाएंगे।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार , 2004 में रूस की मीडिया में एक खबर फैली. पता चला कि वोल्गोग्राड में एक बच्चा पैदा हुआ है, जो खुद को मंगल ग्रह का प्राणी बता रहा है. पूरी दुनिया उसके बारे में जानने के लिए उत्सुक हो गई. पता चला कि बच्चे का नाम



बोरिस किप्रियानोविच है और वह 11 साल का हो चुका है. लेकिन ठीक उसी वक्त उसने ऐसे-ऐसे दावे किए, जिन पर विश्वास करना मुश्किल था. कहा, पृथ्वी पर मेरा 'पुनर्जन्म' हुआ है. मानव के रूप में अपना नया जीवन शुरू करने से पहले मैं मंगल ग्रह पर एक निवासी के रूप में रहता था. उसने मंगल ग्रह के बारे में कई अप्रत्याशित चीजें बताईं, जिससे लोग उसे 'चाइल्ड जीनियस' कहने लगे।

बोरिस की मां ने कहा, मुझे हमेशा से पता था कि मेरा बेटा कुछ अलग है. क्योंकि जब उसका जन्म हुआ तो मुझे बिल्कुल भी दर्द नहीं हुआ. जब नर्स बच्चे को लेकर मेरे पास आई, तो वह मुझे वयस्क आदमी की तरह घूर रहा था. एक डॉक्टर के तौर पर मुझे पता था कि नवजात शिशुओं की आंखें किसी वस्तु पर पलभर भी टिक नहीं पातीं. लेकिन बोरिस अपनी बड़ी भूरी आंखों से मेरी ओर लगातार देखे जा रहा था. जब वह एक साल का हुआ, तब से अखबार पढ़ने लगा. तभी मुझे यकीन हो गया कि इसके पास कुछ असाधारण शक्तियाँ हैं. शिक्षक भी उनकी लेखन शैली और भाषा के साथ याद रखने की शक्ति से अचंभित थे. जहां सारे बच्चों को खेल-खिलौनों का शौक था, वहीं उसका जुनून चांद-तारों के बारे में जानना था.


बोरसि ने सौरमंडल के बारे में बेहद अजीबोगरीब दावे किए. कहा, मंगल ग्रह पर रह रहे लोग आकाशगंगाओं को पार करने में सक्षम हैं. सदियों पहले एकपरमाणु युद्ध हुआ था, जिसमें मंगल ग्रह लगभग नष्ट हो गया, इसके बाद से मंगल ग्रह के लोग भूमिगत होकर रह रहे हैं. अपने पिछले जन्म को याद करते हुए बोरिस ने कहा, मुझे वह समय याद है. तब मैं 14 या 15 साल का था. मंगल ग्रह पर हर समय युद्ध हुआ करता था. इसलिए मुझे अक्सर एक दोस्त के साथ हवाई हमलों में हस्सिा लेना पड़ता था. हम गोल अंतरिक्ष यानों में उड़कर टाइम ट्रैवल किया करते थे. अंतरिक्ष में यात्राएं करते थे. हम धरती के जीवन को अपने विमानों से देख सकते थे. मंगल ग्रह का अंतरिक्ष यान काफी जटिल है.

बोरिस के अनुसार, वह इंडिगो चिल्ड्रन नामक कई अन्य बच्चों में से एक है, जिन्हें मानव जाति को खत्म होने से बचाने के लिए पृथ्वी पर भेजा गया था. उसने ये भी दावा किया कि पिछले कई वर्षों में वह कई बार धरती पर आ चुका है. यहां तक कि लेमुरियन युग में भी आया था. तब पौराणिक महाद्वीप हुआ करता था, जो हजारों साल पहले हदि महासागर के नीचे मौजूद था. उसने ये भी दावा किया कि उसने एक अंतरिक्ष यान भी डिजाइन किया था. इस यान में छह परतें थीं. बाहर परत 25% ठोस धातु से बनी है, दूसरी परत 30% रबर जैसी है. तीसरी परत 30% धातु से बनी है. अंतिम 4% भाग एक विशेष चुंबकीय परत से बना है. अगर हम इस चुंबकीय परत को ऊर्जा दें, तो ये मशीनें ब्रह्मांड में कहीं भी उड़ने में सक्षम हो जाएंगी.

# सिंगल रहना Vs शादी करना, कौन रहता है ज्यादा सुखी : रिसर्च

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 05 जून : इस दुनिया में बहुत से ऐसे लोग हैं जो अपने सिंगल होने से दुखी हैं। उन्हें इस बात की शिकायत रहती है कि उन्हें कोई पार्टनर नहीं मिल रहा। लेकिन जनाब आप उन लोगों का हाल जान लें जो किसी तरह की रिलेशनशिप में हैं। चाहे आप शादी कर लो या गर्लफ्रेंड बॉयफ्रेंड बना लो, झंझट दोनों में ही है। दूसरी ओर यदि आप सिंगल हो तो फायदे में हो। यदि आपको हमारी बातों पर यकीन नहीं तो अभी हम आपको गलत साबित कर देते हैं। आज हम आपको सिंगल होने के ऐसे-ऐसे फायदे बताएंगे कि जो लोग पहले से मिंगल हैं, वह भी सिंगल बनने पर विचार करने लगेंगे।



1. सिंगल रहने पर आपके पास बहुत समय होता है। रिलेशनशिप वालों की आधी जिंदगी अपने पार्टनर की जरूरतें पूरी करने में ही बीत जाती है। वहीं सिंगल लोग खाली समय होने पर अपने शौक पूरे कर सकते हैं। इतना ही नहीं आप इस समय का इस्तेमाल अपने करियर पर फोकस करने में कर सकते हैं। अक्सर देखा जाता है कि सिंगल लोग ज्यादा तेजी से तरक्की करते हैं।

2. सिंगल रहने का दूसरा सबसे बड़ा फायदा है आपका खर्चा बहुत कम होता है। कोई महंगे बर्थडे गिफ्ट नहीं देने पड़ते। कहीं बाहर महंगी जागह खाना खाने या फिल्म देखने नहीं जाना पड़ता। एक तरह से आपकी अच्छी खासी सेविंग हो जाती है। यह बचत के पैसे आपके फ्यूचर में बहुत काम आते हैं। आप आर्थिक रूप से स्ट्रांग रहते हैं।

3. सिंगल लोगों को लगता है कि पार्टनर मिलने के बाद वह ज्यादा खुश रहेंगे। जबकि ऐसा नहीं है। बल्कि रिलेशन में आने के बाद आप और भी तनाव में रहने लगेंगे। फिर आपको पार्टनर की हर छोटी मोटी बातों का बुरा लगने लगेगा। वहीं आपके ऊपर मेंटल प्रेशर भी बढ़ जाएगा। रिलेशन में आने के बाद की खुशी बस कुछ दिनों की होती है। बाद में दुख और तनाव आपको घेर लेते हैं। वहीं सिंगल लोग अपनी मर्जी के मालिक होते हैं। इसलिए वह कम तनाव में रहते हैं।

4. सिंगल लोग ज्यादा सेहतमंद भी रहते हैं। तनाव कम होने से वह अच्छी नींद भी लेते हैं। घंटों फोन में देर रात लगे नहीं रहते हैं। उनकी भाग दौड़ भी कम रहती है। वह अपने खान-पान पर भी अधिक ध्यान दे पाते हैं। अधिकतर घर का खाते हैं। बाहर का कम खाते हैं। ये सभी चीजें आपकी ओवरऑल हेल्थ पर पॉजिटिव असर डालती है।

# दून अस्पताल की इमरजेंसी में अव्यवस्थाओं पर प्रभारी के बाद अब नोडल भी बदले

देहरादून। दून मेडिकल कॉलेज अस्पताल की इमरजेंसी में फैली अव्यवस्थाओं पर कई बदलाव किए गए हैं। अव्यवस्थाओं पर मंत्री-शासन नाराज थे। प्राचार्य डॉ. आशुतोष सयाना ने सख्ती बरती है। पहले वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. एनएस बिष्ट को इमरजेंसी प्रभारी बनाया। अब नोडल अधिकारी भी ईएमओ डॉ. अमित अरुण को बनाया गया है। वहीं, कई बदलाव कर खुद मॉनीटिरिंग शुरू कर प्रभारी से रोजाना रिपोर्ट तलब की है। प्राचार्य ने दो वरिष्ठ डॉक्टरों के बीच विवाद-गुटबाजी पर भी विराम का दावा प्राचार्य ने किया है। अभद्रता करने वाले पीजी और जूनियर डॉक्टरों को चिन्हित कर कार्रवाई होगी।

ईएमओ एवं पीजी-जेआर के बीच विवादों से व्यवस्थाएं चरमराई है। अब मरीज दिखाने को ईएमओ सीधे ऑन कॉल फैकल्टी (सीनियर डॉक्टर) को कॉल करेंगे। डॉक्टर की जिम्मेदारी होगी कि मरीज तय समय में देखा जाए।

ईएमओ कमरे के बजाय पीआरओ काउंटर के बराबर में बैठेंगे। यहां से सीधा मरीजों को देख और इंटर्न-जेआर से दिखवा सकेंगे। ईएमओ रूम को रेस्ट रूम आदि बनाया जाएगा।

कुछ ईएमओ पर मेडिकल एवं मरीजों को रेफर को लेकर गड़बड़ी के आरोप लगे हैं। प्राचार्य ने इमरजेंसी में खुफिया नजर रखवानी शुरू कर दी है। एक ईएमओ सबसे ज्यादा संदिग्ध है। दलालों को लेकर पुलिस अलर्ट पर है। उधर, धूम्रपान को लेकर भी निगरानी बढ़ा दी है।

प्राचार्य ने बताया कि इमरजेंसी नोडल अधिकारी के पद से ईएमओ डॉ. मुकेश उपाध्याय ने त्याग पत्र दे दिया था। अब ईएमओ डॉ. अमित अरुण को नोडल की जिम्मेदारी दी गई है। कहा कि शाम-रात की व्यवस्था में सुधार को नोडल बनाए हैं। वह प्रभारी डॉ. बिष्ट को रिपोर्ट करेंगे।

इमरजेंसी में मरीजों, स्टॉफ ड्यूटी समेत सभी सामान का रिकार्ड तलब किया गया है। इमरजेंसी के एसएनओ पीडी त्यागी से प्रभारी से सारा रिकार्ड तलब किया और भौतिक निरीक्षण भी प्रभारी करेंगे। सुरक्षाकर्मियों की सुस्ती पर सख्ती बरती गई है। मुख्य गेट, गेट, ट्रायज, बाहर के रास्ते पर 24 घंटे तैनाती रहेगी। एक रजिस्टर अलग से बना दिया है, जिसमें तीनों पालियों में हस्ताक्षर करेंगे। प्रभारी ने लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई को चिट्ठी लिखी है।

इमरजेंसी में व्हीलचेयर स्ट्रेचर की कमी बनी है। वार्डों में ले जाकर छोड़ दिया जाता है। जिससे मरीज परेशान होते हैं। इमरजेंसी वार्ड ब्वॉय, पीआरओ कर्मियों की जिम्मेदारी होगी कि वह इन्हें वापस लेकर आए या तीमारदारों से मंगाए।

दून अस्पताल की इमरजेंसी में हार्ट अटैक वाले मरीजों को मैकेनिकल सीपीआर दिया जाएगा। इमरजेंसी प्रभारी एनएस बिष्ट ने बताया कि इस मशीन से बेहतर सीपीआर दिया जा सकेगा। वहीं मरीज को गेट से आईसीयू तक शिफ्ट करने के समय में सही सीपीआर मिलने में उसकी जान बचाई जा सकेगी और आईसीयू में इंट्यूबेट हो जाएगा। मशीन को शुरू कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि सीपीआर (कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन) किसी ऐसे व्यक्ति के जीवन को बचाने का एक तरीका है जो कार्डियक अरेस्ट ( हृदय गति और सांस का रुक जाना) में उनके दिल को तीव्र गति से दबाव देकर मस्तिष्क में रक्त प्रवाह बनाए रखने का काम करता है। यह काफी सरल तकनीक है, जिसे कोई भी सीख सकत है। लेकिन मरीज के एक जगह से दूसरी जगह में ले जाने के दौरान नहीं किया जा सकता। ऐसे में यांत्रिक सीपीआर का सहारा लिया जा सकता है, जो मरीज को शिफ्टिंग के दौरान भी लगातार दिल को तीव्रतर गति से पंप करता है। इमरजेंसी आईसीयू में कॉर्डियक अरेस्ट के मरीज को आईसीयू में वेंटीलेटर तक ले जाने में इसका प्रयोग किया जा रहा है। प्राचार्य डॉ. आशुतोष सयाना ने बताया की इमरजेंसी में सीपीआर मशीन आने से कार्डियक अरेस्ट के मरीजों को बचाने का औसत बढ़ेगा।

# 'ज़ोर से चिल्लाओ, मुफ्त मिलेगी आइसक्रीम', लोगों ने जैसे देखा ऑफर, फाड़ने लगे गला

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 05 जून : ज़माना मार्केटिंग का है, ऐसे में प्रोडक्ट्स अच्छे होने के साथ-साथ उनकी स्ट्रॉन्ग मार्केटिंग भी जरूरी है. जितना लोग इसके बारे में चर्चा करेंगे और जानेंगे, उतना ही इसे खरीदेंगे. ऐसे में कंपनियां तरह-तरह की मार्केटिंग स्ट्रेटजी इस्तेमाल करती हैं.

इस वक्त एक दिलचस्प ऑफर सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोर रहा है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट वायरल हो रहा है, जिसमें लोगों को ऑफर दिया गया है कि वो अगर तेज़ चिल्लाएंगे तो उन्हें फ्री में आइसक्रीम दी जाएगी. लोग भी इस ऑफर से खासे उत्साहित नजर आ रहे हैं और बढ़-चढ़कर चिल्लाने के लिए यहां पहुंच रहे हैं.

कुल मिलाकर ये दिलचस्प पोस्ट लोगों को खूब पसंद आता है। आओ, चिल्लाओ और आइसक्रीम पाओ वायरल हो रहे पोस्ट में आप देख सकते हैं कि एक मशीन लगाई गई है और वो मशीन तभी लोगों को फ्री में आइसक्रीम देती है. हालांकि ऐसा तब ही होता है, जब वो जोर से चिल्लाते हैं. इससे मशीन के अंदर लगा सेंसर ऊपर की ओर जाता है और जैसे ही ये टॉप को टच करता है, मुफ्त में आइसक्रीम मिल जाती है. लोग झुंड में यहां पहुंच रहे हैं और इस ऑफर का फायदा उठा रहे हैं.



# जयकारों के साथ 3 हजार यात्री ऋषिकेश से चारधाम यात्रा को हुए रवाना

ऋषिकेश( आरएनएस )। चारधाम यात्रा में तीर्थयात्रियों का हुजूम बरकरार है। ऑफलाइन पंजीकरण के लिए ऋषिकेश में यात्रियों की भीड़ उमड़ रही है। पहले टॉकन फिर रजिस्ट्रेशन के लिए यात्रियों की लंबी कतारें दिख रही हैं। यात्रियों की भीड़ में राज्य सरकार को रोजाना पंजीकरण का निर्धारित तीन हजार का स्लॉट भी नाकाफी साबित होता नजर आ रहा है। मंगलवार को चारधाम ट्रांजिट एवं पंजीकरण केंद्र में सुबह से सात बजे से यात्रियों के ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन के लिए काउंटर खुले। शाम पांच बजे यात्रियों के पंजीकरण का प्रतिदिन का निर्धारित कोटा फुल हो गया। रजिस्ट्रेशन कराने के बाद तीन हजार यात्री ऋषिकेश से भगवान बदरी और केदार के जयकारों के साथ चारधाम यात्रा के लिए रवाना हुए। इनमें राजस्थान, बिहार, मध्यप्रदेश, यूपी, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र और गुजरात समेत विभिन्न राज्यों के यात्री शामिल थे।

# परमार्थ निकेतन में हुआ कवि सम्मेलन का आयोजन

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ऋषिकेश। राष्ट्रीय कवि संगम के राष्ट्र व्यापी कवियों ने परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी को उनके जन्मदिवस पर अपनी कविताओं के माध्यम से शुभकामनायें समर्पित की। भारत के विभिन्न राज्यों से आये युवा कवियों के प्रतिष्ठित मंच ने आज श्रीराम कथा और परमार्थ निकेतन, गंगा आरती में कविताओं के माध्यम से अपने भाव को पूज्य स्वामी जी के श्रीचरणों में समर्पित किये।

आज इस मंच से गाई कविताओं ने सभी के दिलों को छू लिया। इस मंच से प्रवाहित हो रही कविताओं में वह प्राणतत्व है जिसने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। राष्ट्रकवि श्री हरिओम पवांर जी ने अपनी ओजस्वी कविता ''मैं भी गीत सुना सकता हूँ शबनम के अभिनन्दन के'' यह सुनाते हुये आज के कवि सम्मेलन का शंखनाद किया।

स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने कहा कि एक कवि हृदय ही पृथ्वी की व्यथा को अत्यंत मार्मिक ढ़ंग से व्यक्त कर सकता है और राष्ट्र के मर्म को समझ सकता है तथा भारत को भारत की दृष्टि से देख सकता है।


स्वामी जी ने कहा कि यह समय ऐसी कवितायें लिखने का है जिससे धरा, नदियां और हमारा पर्यावरण भी गुदगुदायें और खिलखिलाने लगे। हमारी कवितायें जागरण, प्रेरणा और युवाओं को दिशा देने का कार्य करें। अब भारत में पर्यावरण हितैषी हरित काव्य पाठ की शुरूआत करने की जरूरत है ताकि इन मुद्दों पर जनमानस की सोच बदले क्योंकि सोच एक बीज है, सोच बदलती है तो सृष्टि बदलती है। सोच बदलती है तो दिल बदलते हैं और दिल बदलते हैं तो न केवल हमारे भीतर की बल्कि बाहर की दुनिया भी बदलती है। हमारे कर्म बदलते हैं और इससे किसी का दिल बदलता है तो किसी का दिन बदलता है और किसी का पूरा जीवन ही बदल जाता है। हमारी सोच ही कर्मो को प्रेरित और परिवर्तित करती है इसलिये आईये कविताओं के माध्यम से युवा पीढ़ी में नये विचारों का संचार करने का संकल्प ले। उन्होंने श्री जगदीश परमार्थी जी और श्री हरिओम पवांर जी को इस दिव्य काव्यपाठ परम्परा को जीवंत व जागृत बनाये रखने हेतु साधुवाद देते हुये कहा कि बड़ी प्रसन्नता हो रही है कि इस बार पूरे देश से हमारे युवा व उभरते कवि आज परमार्थ गंगा तट पर काव्यपाठ करने के लिये आये हैं।

संत श्री मुरलीधर जी ने कहा कि कविताओं में वीर रस, हस्य रस और करूणा रस की प्रधानता हो वहीं कवितायें जीवन को प्रेरणा प्रदान करती हैं।

ओजकवि श्री हरिओम पवांर जी ने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि मैं पूज्य स्वामी जी के जन्मदिवस के अवसर पर इस मानस ज्ञान गंगा के दिव्य मंच पर खड़ा हूँ जहां पर खड़ा होना हर कोई चाहता है। मैं उन भाग्यशाली लोगों में से एक हूँ जिन्हें माँ गंगा के तट पर ऋषिचरणों का सान्निध्य प्राप्त हुआ।

उन्होंने कहा कि श्री राम कथा हमारी आत्मा है, हमारी आत्मा का सार है। हमें अपनी मान्यताओं, परम्पराओं, कथाओं का श्रवण करने के लिये अपने बच्चों को तैयार करना होगा। अगर हमें हमारी संवेदनायें, परम्परायें, संस्कृति व मर्यादायें बचानी हैं तो संस्कार देने की परम्परा अपने घर से शुरू करनी होगी। अपने बच्चों को मानसिक व वैचारिक प्रदूषण से बचाने के लिये कथाओं को सुनने-सुनाने की आदत डालना होगा। अगर हम अपने बच्चों को कुसंस्कारों से नहीं बचा सकते तो इस देश को बचाने में हम कोई नहीं दे सकते।

## संपादकीय



### अप्रत्याशित जनादेश

आम चुनाव का जनादेश बेहद अप्रत्याशित रहा। बेशक भाजपा-एनडीए के पक्ष में स्पष्ट बहुमत लगता है, लेकिन भाजपा अपने बूते बहुमत के जादुई आंकड़े को छूती नहीं लगती। भाजपा अभी तक 243 सीटों पर विजयी रही है, जबकि मतगणना जारी थी। बहुमत के लिए कमोबेश 272 का आंकड़ा अपेक्षित है। दूसरी ओर कांग्रेस 97 सीटें जीती थी। यह आंकड़ा 2019 की 52 सीटों से लगभग दोगुना है। यह आलेख लिखने तक 'इंडिया' गठबंधन ने 228 सीटें जीत कर देश को चौंका दिया है। भाजपा को सबसे बड़ा झटका उप्र में लगा, जहां वह 70 से अधिक सीटें जीतने की रणनीति पर काम कर रही थी, लेकिन अब आंकड़ा 35 के करीब थमता लगता है। सपा और कांग्रेस 40 सीटों से भी आगे थीं। उप्र ने भाजपा की स्पष्ट जीत के तमाम समीकरण उलट दिए हैं। पार्टी नेतृत्व समझ ही नहीं पा रहा है कि आखिर उप्र में ऐसा झटका क्यों लगा? उप्र के अलावा पश्चिम बंगाल में 'दीदी' का करिश्मा एक बार फिर चला और भाजपा सबसे शानदार जीत हासिल करने में नाकाम रही है। ममता बनर्जी की पार्टी 'तृणमूल कांग्रेस' कुल 42 सीटों में से 32 सीट पर निर्णायक तौर पर आगे थी। राजस्थान, महाराष्ट्र, हरियाणा, पंजाब आदि राज्यों में भी, भाजपा के लिए, खूब उलटफेर हुए। तमिलनाडु और पंजाब में तो भाजपा 'शून्य' रही है। दक्षिण भारत की पहली उम्मीद केरल साबित होता लगता है, जहां भाजपा 2 सीटों पर आगे थी। अब की बार आंध्रप्रदेश, केरल में भाजपा का खाता खुलता लग रहा है। हालांकि तेलंगाना में भाजपा बेहतर प्रदर्शन करती लग रही है, लेकिन कर्नाटक का प्रदर्शन वैसा नहीं रहा, जिसकी अपेक्षा थी। आंध्रप्रदेश में तेलुगूदेशम पार्टी-भाजपा गठबंधन को विधानसभा में प्रचंड बहुमत मिला है, लिहाजा नए मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू होंगे। बेशक गुजरात, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड आदि राज्यों में भाजपा ने लगभग 'क्लीन स्वीप' किया है, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा पहली बार बहुमत हासिल करने में नाकाम रही है। अब भाजपा आत्ममंथन करेगी कि अयोध्या वाली संसदीय सीट पर उसका प्रत्याशी क्यों पराजित हो गया? क्या राम मंदिर से अधिक प्रभाव अन्य जातियों और मुद्दों का रहा? बहरहाल अकेली भाजपा न तो 370 का लक्ष्य हासिल कर पाई और 400 पार तो बहुत दूर की कौड़ी है। हम अपने आलेखों में जिक्र करते रहे हैं कि संविधान बदलने और लोकतंत्र खत्म होने सरीखे मुद्दों ने उप्र, राजस्थान, हरियाणा जैसे राज्यों के ग्रामीण अंचलों में लोगों को सोचने पर विवश किया था, लिहाजा वोट भाजपा के पक्ष में नहीं डाले जाएंगे। ऐसा ही कुछ हुआ है कि भाजपा पराजित हुई है। इनसे आरक्षण का मुद्दा भी शंकित हुआ। उसके मद्देनजर भी वोट बदले गए। बेशक नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लें, क्योंकि भाजपा-एनडीए के पक्ष में फिलहाल 298 सीटों का समर्थन है। इनमें करीब 240 सीटें भाजपा की हैं और 227 सीटें कांग्रेस नेतृत्व वाले 'इंडिया' गठबंधन के पक्ष में हैं। गौरतलब यह है कि टीडीपी की 16 और जद-यू की 14 सीटें एनडीए और मोदी सरकार के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने चंद्रबाबू नायडू से फोन पर बात की है। शरद पवार भी नायडू और नीतीश के संपर्क में बताए जाते हैं।

**दैनिक न्यूज़ वायरस**

**संपादक : मौ.सलीम सैफी** न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से प्रकाशित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002

**RNI No. :** UTTHIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com

**Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus

न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

## ऑनलाइन ठगी का आरोपी वाराणसी से गिरफ्तारी

चम्पावत। टनकपुर क्षेत्र के लोगों से ऑनलाइन ठगी करने वाले एक ठग को पुलिस ने वाराणसी, यूपी से गिरफ्तार किया है। आरोपी को नोटिस तामील किया गया है। एसपी अजय गणपति के निर्देश पर पुलिस ने ऑनलाइन ठगी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की है। प्रभारी एसएचओ बीएस बिष्ट ने बताया कि बीते कुछ समय पहले टनकपुर के एक व्यक्ति से साइबर ठग ने 40 हजार रुपये की ऑनलाइन ठगी की थी। जिसके संबंध में अज्ञात पर धोखाधड़ी का मुकदमा भी दर्ज किया था। बताया कि मनिहारगोठ चौकी प्रभारी नवल किशोर के नेतृत्व में टीम गठित कर आरोपी कबीर नगर कॉलोनी, दुर्गाकुंड, थाना भेलपूर, जिला वाराणसी, यूपी निवासी 24 वर्षीय प्रिंस कुमार पुत्र नंदु कुमार को वाराणसी से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को नोटिस भी तामील किया गया है।

## शारदा नदी में राफ्टिंग का लुत्फ उठा रहे पर्यटक

चम्पावत। टनकपुर की शारदा नदी की लहरों में पर्यटकों राफ्टिंग का लुत्फ उठा रहे हैं। भारत-नेपाल सीमा पर बहने वाली शारदा महाकाली नदी इन दिनों पर्यटकों से गुलजार है। लाइफ इज एडवेंचर के प्रबंधक विनय अरोरा उर्फ मोनी बाबा ने बताया कि पिछले साल महज डेढ़ हजार पर्यटकों ने शारदा नदी में राफ्टिंग की, लेकिन इस बार बेहतर सुविधाएं पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं। बताया कि यहां यूपी, दिल्ली, राजस्थान सहित तमाम राज्यों से पर्यटक पहुंच रहे हैं। बताया कि राफ्टिग के लिए पर्यटकों को सुरक्षा जैकेट, पैडल, हेलमेट सहित तमाम सुरक्षा के पुख्ता उपकरण दिए जा रहे हैं।

## उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी के रमेश बने शाखा अध्यक्ष

चम्पावत। उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से रमेश मुरारी को निर्विरोध शाखा अध्यक्ष मनोनीत किया गया। उत्तराखंड परिवहन निगम के लोहाघाट डिपो में प्रांतीय कार्यकारिणी केआह्वान पर उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन के क्षेत्रीय मंत्री मनोज मिश्रा की देखरेख में चुनाव संपन्न हुए। जिसमें रमेश मुरारी शाखा अध्यक्ष, जगदीश सिंह, किशन सिंह उपाध्यक्ष, महिपाल सिंह मंत्री, चरन सिंह, शंकर कार्की संयुक्त मंत्री, संतोष कुमार संगठन मंत्री, मुकेश कुमार मीडिया प्रभारी, गजेंद्र द्विवेदी कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### पौड़ी में दो दिन से कई मोहल्लों में नहीं आया पानी

चमोली। शहर के मोहल्लों में मंगलवार को पेयजल की आपूर्ति नहीं हो पाई। पानी नहीं आने से लोगों को जल स्रोतों की दौड़ लगानी पड़ी। शहरवासियों ने इस पर नाराजगी जताते हुए आरोप लगाया कि जल संस्थान की लापरवाही के चलते शहर में दो दिनों से पानी की आपूर्ति नहीं की जा रही है। शहर के न्यू कॉलोनी लोअर बाजार, कांडई च्वींचा गांव आदि मोहल्लों में पिछले दो दिनों से पेयजल आपूर्ति नहीं हो पाई है। शहरवासी करन सिंह, सुरेश बड़थ्वाल, मनीष आदि ने बताया कि मंगलवार को भी दूसरे दिन पानी नहीं आया। जिससे इन मोहल्लों में पानी की भारी किल्लत हो गई है। आलम यह है कि सुबह होते ही लोगों को लोअर बाजार व कांडई गांव के धारों में पानी के लिए दौड़ना पड़ रहा है। कहा कि इन मोहल्लों में टैंकरों के माध्यम से भी आपूर्ति नहीं की जा सकती है। जिससे उपभोक्ता परेशान है। बताया कि पहले तो कई दिनों से एक दिन छोड़कर पानी की आपूर्ति हो रही थी, लेकिन अब तो दो दिन बीत जाने के बाद भी पानी नहीं मिल पा रहा है। कहा कि जलसंस्थान उपभोक्ताओं से भारी भरकम बिल वसूलता है लेकिन हर साल गर्मियों में उपभोक्ताओं को पेयजल किल्लत से दो-चार होना पड़ता है। शहरवासियों ने नियमित पेयजलापूर्ति नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। उधर, जल संस्थान के एई सोहन सिंह जेठूड़ी ने बताया कि बिजली की लाइन में फाल्ट आने के चलते श्रीनगर पंपिंग योजना दिक्कत कर रही है। इस लाइन पर पानी नियमित रूप से पंप नहीं हो पा रहा। बताया कि शहर में बुधवार सुबह से नियमित रूप से पानी की आपूर्ति हो जाएगी।

### शिविर में निशुल्क स्वास्थ्य किट बांटी

पौड़ी। आदि शक्ति भुवनेश्वरी मंदिर सांगुड़ा बिलखेत के आसपास के गांवों में मंगलवार को चिकित्सा शिविर लगाया गया। जिसमें निशुल्क प्राथमिक चिकित्सा किट वितरित की गई। विशेषज्ञों ने प्राथमिक चिकित्सा किट के उपयोग की जानकारी भी दी। नौगांव, छेतूर, बिडिंग, कोटा, बागी, सिलासु, भंडालू, पैडूल, नवादी, जगसारी, हठनूर, कोठार, चोपड़ा, सरोरा, मरोरा गांवों से शिविर में 200 से अधिक ग्रामीणों ने भाग लिया। आदि शक्ति भुवनेश्वरी विकास मिशन इरकॉन और फ्यूचर आइकॉन्स नई दिल्ली के सहयोग से स्वास्थ्य आयोजित स्वास्थ्य शिविर में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी शामिल हुए। डॉ. राजेश नैथानी ने कहा कि भुवनेश्वरी विकास मिशन स्थानीय समुदाय की सेवा का काम कर रहा है।

### वार्षिकोत्सव को आयोजन आठ जून से

कोटद्वार। श्री बाला जी मंदिर सेवक समिति की ओर से आठ जून से मंदिर का वार्षिकोत्सव मनाया जाएगा। चार दिवसीय वार्षिकोत्सव के दौरान हवन यज्ञ, भजन संध्या और भंडारे का आयोजन किया जाएगा। मंगलवार को यह जानकारी देते हुए समिति के अध्यक्ष अनिल कंसल ने बताया कि वार्षिकोत्सव का शुभारंभ 8 जून को विधि विधान के साथ किया जाएगा। 9 जून को श्री बालाजी की रथ यात्रा निकाली जाएगी। 10 जून को पूर्णाहुति, छप्पन भोग और भजन संध्या आयोजित की जाएगी। 11 जून को भंडारे के साथ वार्षिकोत्सव का समापन होगा।

### हल्दूचौड़ ने दोनों वर्ग की खो खो प्रतियोगिता जीती

कोटद्वार। दुगड्डा स्थित राजकीय इंटर कालेज प्रांगण में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष स्व. दीपक बडोला की स्मृति में आयोजित बालक-बालिका वर्ग की खो-खो प्रतियोगिता का मंगलवार को पुरस्कार वितरण के साथ समापन हो गया है। दोनों ही वर्गों में हल्दूचौड़ की टीमों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया। आयोजक प्रदीप बडोला ने बताया कि बालक वर्ग के फाइनल मुकाबले में दुगड्डा व हल्दूचौड़ की टीमों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। इस रोमांचक मैच में हल्दूचौड़ ने 10-8 से जीत हासिल की। वहीं बालिका वर्ग में भी ऋषिकेश व हल्दूचौड़ का मुकाबला रोमांचक रहा। चारों हाफ में दोनों टीमें बराबरी पर रही। अतिरिक्त समय में हल्दूचौड़ ने मुकाबला 5-4 से जीत लिया। विजयी टीमों को मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक रेनू बिष्ट ने पुरस्कृत किया। मौक पर नगर पालिका दुगड्डा के अधिशासी अधिकारी हर्षवर्द्धन जोशी, राहुल जैन, संजीव कोटनाला, योगेंद्र बिष्ट, नफीस अहमद, भगवान सिंह और धर्मेंद्र गोयल सहित क्षेत्रीय जनता मौजूद रही।

### समस्याओं का निस्तारण न होने पर पूर्व सैनिकों में रोष

कोटद्वार। कोटद्वार विधान सभा की कई समस्याओं का निस्तारण न होने पर पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने मंगलवार को बैठक कर रोष व्यक्त किया है। परिषद ने विरोध स्वरूप 10 जून को तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। इस संबध में मंगलवार को परिषद के अपर कालाबड़ स्थित कार्यालय में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि कोटद्वार विधान सभा की कई ज्वलंत समस्याओं का समाधान अभी तक नहीं हो पाया है। इनमें मालन पुल निर्माण, केंद्रीय विद्यालय खोलना, बेसहारा गोवंश और कूड़ा निस्तारण शामिल है। कहा कि पूर्व में केंद्रीय विद्यालय की मांग उठने पर बंद पड़ी फ्लश डोर फैक्ट्री की भूमि को नपवाया गया था, लेकिन इसके बाद कोई कार्रवाई नहीं हो पाई। तय किया गया कि इस संबध में प्रदेश सरकार का ध्यान आकृष्ट करने के लिए पूर्व सैनिक 10 जून को तहसील में धरना प्रदर्शन करेंगे। बैठक में अध्यक्ष जीके बड़थ्वाल, सीपी डोबरियाल, अनूप बिष्ट, बलवान सिंह, देवेंद्र सिंह, संजय सिंह, अमर सिंह, रतन नेगी, विजय रावत और मनोज नेगी सहित अन्य पूर्व सैनिक मौजूद रहे।

### हर्षोल्लास के साथ मनाया मां रेणुका का पौराणिक एवं धार्मिक ज्येष्ठ मेला

उत्तरकाशी। सरनौल गांव में मां रेणुका का पौराणिक एवं धार्मिक ज्येष्ठ मेला हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मंदिर प्रांगण में आराध्य देवी मां रेणुका की परंपरानुसार विधिवत पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर दूर-दराज से आए ग्रामीण श्रद्धालुओं ने मां रेणुका का आशीर्वाद लिया। मेलार्थियों ने मेले में पारंपरिक तांदी और रासो नृत्य जमकर आनंद लिया।नौगांव ब्लाक के दूरस्थ सरनौल गांव में मां रेणुका का पौराणिक एवं प्राचीन मंदिर है। यहां हर साल ज्येष्ठ महीने की 22 गते को पौराणिक काल से मां रेणुका का मेला आयोजित किया जाता है। इस वर्ष भी 22 गते ज्येष्ठ को परंपरागत मां रेणुका देवी का यह पौराणिक मेला धूमधाम से मनाया गया। मेले की शुरुआत देवी की पूजा-अर्चना के साथ हुई। इस दौरान मनोकामना लिए ग्रामीणों सहित दूर-दूर से आए भक्तों ने अपनी अपनी श्रद्धा अनुसार देवी को भेंट चढ़ाई। पूजा संपन्न होने के बाद गांव के प्रत्येक घर में देवी की पालकी आशीर्वाद देने पहुंची। इसके बाद मंदिर प्रांगण में कपुआ (देवी की उत्पत्ति की कहानी गीतों के माध्यम से) का कार्यक्रम शुरू हुआ और इसी कपुआ के दौरान देवी अवतरित हुईं। देवी अवतरित होने के बाद मंदिर प्रांगण में देवी के पश्वा ने नंगे पैर तेज धार वाले फरसों पर चलकर क्षेत्र के लोगों को शांति, सुख, समृद्धि एवं क्षेत्र की खुशहाली का आशीर्वाद दिया। अंत में ग्रामीणों में डोली नृत्य का कार्यक्रम आयोजित किया। इसके बाद तांदी और रासो नृत्य की जीवंत प्रस्तुति दी। दूर-दूर से आए मेलार्थियों ने इन विभिन्न परंपरागत नृत्यों का जमकर आनंद लिया और तांदी नृत्य में शामिल होकर नृत्य किया।

# देहरादून : कनाडा में नौकरी दिलाने के नाम पर युवक से लूटे लाखों रुपए

न्यूज़ वायरस नेटवर्क




देहरादून 05 जून : कनाडा में नौकरी लगाने का झांसा देकर 7.82 लाख रुपये हड़पने के मामले में न्यायालय के आदेश पर एक महिला समेत तीन लोगों पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। इनमें से मुख्य आरोपी पीड़ित के कॉलेज का ही साथी है। पीड़ित ने थाने में शिकायत दर्ज की लेकिन कोई कार्रवाही नहीं हुई और अब कोर्ट के आदेश के बाद मुकदमा दर्ज करके पुलिस जांच कर रही है।

समीर अहमद निवासी ईदगाह मोहल्ला थाना सहसपुर ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि प्रेमनगर, आईएमए निवासी सिद्धार्थ शर्मा उनके कॉलेज के साथी हैं, सिदार्थ ने उनकी मुलाक़ात तान्या गुप्ता निवासी आईएमए और आनंद गुप्ता निवासी बड़ोवाला से करवाई। इन तीनों ने कनाडा में नौकरी दिलवाने की बात की और इसके लिए वीजा सहित अन्य खर्च के लिए इन्होने किश्तों में अक्तूबर 2020 से नवंबर 2022 तक 7 लाख 82 हजार 500 रुपये लिए। पूरी धनराशि देने के बाद भी समीर को कनाडा नहीं भेजा गया इसके बाद समीर के पिता ने 23 जून 2023 को सहसपुर थाने में तथा 13 अक्तूबर 2023 को इस मामले में तत्कालीन एसएसपी को शिकायत की थी पर इस मामले में पुलिस ने कोई एक्शन नहीं लिया। इसके बाद इन्होने जनवरी 2024 में एसएसपी को पंजीकृत डाक से शिकायत भी भेजी, फिर भी कोई कारवाही नहीं की गई। आखिरकार परिवार को न्यायलय की शरण लेनी पड़ी और जब मामला न्यायलय में पहुंचा तो सहसपुर थाना पुलिस को कोर्ट के आदेश पर जांच शुरू करनी पड़ी। सहसपुर थाना प्रभारी मुकेश त्यागी ने बताया कि न्यायालय के आदेशानुसार तीनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी, कूटनीति और अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

## मेले में अब तक तीन श्रद्धालुओं ने गंवाई जान

टनकपुर। पूर्णागिरि का मुख्य मेला शुरू होने के बाद से अभी तक तीन हादसों में तीन श्रद्धालुओं ने अपनी जान गंवाई है। पहले सड़क हादसे में दो वर्षीय काव्या पुत्री मोरे लाल निवासी पीलीभीत की अधिक रक्तस्राव होने के कारण मौत हो गई। वहीं दूसरे हादसे में 28 वर्षीय अतुल कुमार पुत्र उमेश चंद बहेड़ी की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई थी। वहीं तीसरे हादसे में 38 वर्षीय गुड्डी देवी पत्नी डाल चंद्र की ब्रेन हेमरेज होने के कारण जान चली गई थी।

## स्काउट प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया

चम्पावत। जीआईसी मऊ में ग्रीष्मकालीन अवकाश में स्काउट प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कक्षा छह से कक्षा 12 तक के 27 छात्रों ने हिस्सा किया। कुमालेश्वर मंदिर के पास देलगाड़ नामक स्थान में लगाया गए शिविर का शुभारंभ प्रधानाचार्य ऋषेश कुमार वर्मा ने किया। उन्होंने समय का सदुपयोग करना, अनुशासन में रहना, सहायता के लिए हमेशा तैयार रहना, जंगलों को आग से बचाना, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के विषय में बताया। यहां स्काउट मास्टर जर्नादन गड़कोटी, गांठों के प्रकार, ध्वज शिष्टाचार, अनुशासन, सीटी संकेत, खोज आदि का प्रशिक्षण दिया। यहां चंचल, अंशू, संजय, सुमित, अर्जुन, अक्षित, हर्षित, लक्की, सागर, धीरज, राकेश, लोकेश, ओम, निखिल, मोहित आदि रहे।

## साइबर ठगी के शिकार 8 लोगों की रकम वापस कराई

चम्पावत। चम्पावत साइबर सेल ने साइबर ठगी के शिकार जिले के आठ लोगों के खातों में ठगी गई धनराशि वापिस कराई है। एसपी अजय गणपति के निर्देश पर साइबर सेल ने आठ व्यक्तियों के खातो में 3,11,038 रुपये की धनराशि वापस करा दी है। साइबर सेल ने आवेदक से लेन-देन का पूर्ण विवरण प्राप्त कर सम्बन्धित यूपीआई तथा बैक नोडल से सम्पर्क कर आवेदक के खाते से निकाली गयी धनराशि वापस कराई है। साइबर सेल प्रभारी मीनाक्षी नौटियाल ने बताया कि लोगों को जागरुक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जागरूकता से ही साइबर अपराध को रोका जाता है। टीम में सद्दाम हुसैन, आशा गोस्वामी रहे।

## गुलदार प्रभावित क्षेत्र में घूम रहे पर्यटक

चम्पावत। चम्पावत-टनकपुर राष्ट्रीय राजमार्ग में गुलदार प्रभावित क्षेत्र में पर्यटक घूमने जा रहे हैं। इन जगहों पर गुलदार कभी भी पर्यटकों पर हमलावर हो सकता है। वनकर्मी बाइक सवारों को जागरुक कर रहे हैं लेकिन इसका असर पर्यटकों पर नहीं पड़ रहा। टनकपुर से 22 किमी दूर सूखीढांग-अमरु बैंड के गुलदार प्रभावित क्षेत्र में पर्यटक घूमने पहुंच रहे हैं। वनकर्मियों के मना करने के बावजूद पर्यटक यहां पार्टी और फोटोग्राफी में लगे हुए हैं। एनएच से लगे यहां दो किमी के हिस्से में हमेशा गुलदार का आतंक बना रहता है। बीते कुछ दिनों पहले ही इसी क्षेत्र में गुलदार ने बाइक सवार दो युवकों पर हमला कर उन्हें घायल किया था। जिसके बाद से ही वन विभाग लगातार लोगों को जागरुक करने का काम कर रहा है।

## राज्य आंदोलनकारियों ने की सशक्त भू-कानून व मूल निवास लागू करने की मांग

चम्पावत। चम्पावत के राज्य आंदोलनकारियों ने राज्य में सशक्त भू-कानून व मूल निवास लागू करने की मांग की है। उन्होंने डीएम के माध्यम से 12 सूत्रीय मांगपत्र सीएम धामी को भेजा है। उन्होंने लंबित राज्य आंदोलनकारियों का शीघ्र चिन्हीकरण करने की भी मांग की है। सोमवार को उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी संगठन चम्पावत के अध्यक्ष बसंत तड़ागी के नेतृत्व में डीएम नवनीत पांडेय को ज्ञापन दिया। मांगपत्र के माध्यम से उन्होंने कहा कि राज्य आंदोलनकारियों को शीघ्र दस प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण दिया जाए। इसके अलावा उन्होंने पर्यावरण के लिए वन सुरक्षा के बदले उत्तराखंड को ग्रीन बोनस दिए जाने, उत्तराखंड की स्थाई राजधानी गैरसैंण को घोषित करने, एकसमान पेंशन देने, चिन्हित पूर्व राज्य आंदोलनकारी कर्मचारी, पूर्व सैनिक, सेवानिवृत्त कर्मचारी को भी सम्मान के रुप में पेंशन देने, खटीमा, मुजफ्फनगर, मंसूरी, श्रीयंत्र टापू देहरादून हत्याकांड के हत्यारों को सजा दिए जाने, तत्कालीन पत्रकारों को राज्य आंदोलनकारियों के रुप में चिन्हीकरण करने, पलायन रोकने को लेकर ठोस नीति बनाने, आंदोलनकारियों के लिए पर्यटक आवास व अतिथि गृह आरक्षित करने और राज्य के उद्योगों में 75 प्रतिशत युवाओं को आरक्षण देने की मांग की है।

## मतगणना ड्यूटी में तैनात एसओ की बिगड़ी तबियत, जिला अस्पताल में भर्ती

पिथौरागढ़। बीडी पांडेय कैंपस में चुनाव मतगणना ड्यूटी में तैनात कपकोट के थानाध्यक्ष कैलाश बिष्ट की तबियत अनाचक बिगड गई। वह बेहोश होकर गिर गए। ड्यूटी में तैनात अन्य कर्मचारी उन्हें जिला अस्पताल लाए। जहां चिकित्सकों ने उनका उपचार किया। उसके बाद उनके स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है। सूचना मिलने पर कपकोट के विधायक सुरेश गड़िया और एसपी अक्षय कोंडे जिला अस्पताल पहुंचे और उनका हाल-चाल जाना। इनको हल्द्वानी जाने की सलाह दी गई है।

## 5 जून से 7 जून तक चलेगी रिक्त सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया : प्रो. नीता बोरा शर्मा

नैनीताल। डीएसबी कैंपस में स्नातक प्रथम सेमेस्टर की प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्रवेश समिति ने सोमवार को बीए प्रथम सेमेस्टर की कटऑफ जारी की है। 12वीं में 70 से अधिक अंक वालों को सामान्य और आरक्षित वर्ग की सीटों पर दाखिला मिलेगा। परिसर निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा ने बताया कि मेरिट लिस्ट के अनुसार रिक्त सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया 5 जून से शुरू होकर 7 जून तक चलेगी। छात्र-छात्राओं को कला संकाय कार्यालय में सुबह 11 बजे से दोपहर दो बजे तक अनिवार्य रूप से पहुंचना होगा।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने जीत का जश्न मनाया

चम्पावत। भाजपा कार्यकर्ताओं ने लोहाघाट में लोकसभा चुनाव में भाजपा की जीत पर जश्न मनाया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे का मुंह मीठा किया। मंगलवार को लोकसभा चुनाव में लोहाघाट संयोजक और पूर्व विधायक पूरन सिंह फर्त्याल के कार्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओं ने अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ लोकसभा से प्रत्याशी अजय टम्टा की जीत पर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में लोगों ने विकास को देखते हुए उत्तराखंड में पांचों सीट भाजपा की झोली डाली हैं। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष ज्योति राय, जिपं उपाध्यक्ष एलएम कुंवर, प्रिंस फर्त्याल, अनिल जोशी, नवीन बोहरा, गिरीश करायत, चंद्रशेखर बगौली, महेंद्र ढेक, दीपांशु माहरा, दिनेश ढेक, मुकेश कुमार, मनीष फर्त्याल, दिनेश माहरा, रमेश नाथ, पारम फर्त्याल, सतीश माहरा, गिरीश माहरा, देवेंद्र बोहरा, मनीष देव आदि रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रतिबंधित पशु का वध करने के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

काशीपुर। आईटीआई थाना पुलिस ने एक वांछित पशु तस्कर को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस दो आरोपियों को मौके से ही गिरफ्तार कर चुकी है। एक सूचना के आधार पर 12 जुलाई 2023 को उपनिरीक्षक प्रवीण सिंह परिक्षेत्रीय गौवंश स्कावाड किच्छा ने आईटीआई पुलिस में मदद से ग्राम शिवलालपुर अमरझंडा में दबिश देकर वहां द्वारा प्रतिबंधित पशु का वध कर रहे दो लोगों को मौके पर ही धर दबोचा था। जबकि दो आरोपी मौके से फरार हो गए थे। पुलिस ने पीपलसाना निवासी शौकीन पुत्र मोबिन, ग्राम गुलडिया निवासी जाकिर अली पुत्र अकबर अली, ग्राम फरीदनगर थाना ठाकुरद्वारा निवासी सद्दाम पुत्र सगीर व नूर हसन उर्फ नूरा पुत्र कलवे हसन क खिलाफ धारा 3/5/11(1) उत्तराखण्ड गौवंश संरक्षण अधिनियम के तहत केस दर्ज किया था। इस मामले में सद्दाम व नूर हसन उर्फ नूरा पुत्र कलवे हसन फरार चल रहा था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी नूर हसन उर्फ नूरा को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रकाश सिंह विष्ट, कांस्टेबल जितेन्द्र सिंह, शैलेन्द्र सिंह शामिल हैं।

### सीईआईआर पोर्टल के जरिये किए गुम हुए मोबाइल बरामद

काशीपुर। पुलिस सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से गुम हुए मोबाइल बरामद कर लोगों के चेहरों पर मुस्कान लौटा रही है। इस पोर्टल के जरिए पुलिस अभी तक छह मोबाइल बरामद कर चुकी है। एसएसपी ने जिले के सभी थाना प्रभारियों को गुम होने वाले मोबाइल फोन सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से बरामद करने के निर्देश दिए गए थे। कोतवाल के निर्देशन में गठित पुलिस टीम सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से गुम हुए मोबाइल का डाटा अपलोड कर निगरानी रखती है। इसी क्रम में पुलिस ने जसपुर के ग्राम पतरामपुर निवासी पवन कुमार का मोबाइल बरामद कर लिया। एसएसआई सतीश कुमार शर्मा ने बरामद मोबाइल पवन कुमार के सुपुर्द कर दिया है। एसएसआई ने बताया कि अभी तक पुलिस इस पोर्टल के माध्यम से छह मोबाइल खोजकर उनके स्वामियों को लौटा चुकी है।

### किशोरी के साथ दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

काशीपुर। निकाह का झांसा देकर एक किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को कुंडा थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। एक व्यक्ति ने कुंडा थाने में तहरीर देकर केस दर्ज कराया था कि भोजपुर, मुरादाबाद निवासी नाजिर पुत्र जाकिर का उसके घर आना जाना था। इसी दौरान आरोपी ने उसकी नाबालिग पुत्री को निकाह करने का झांसा देकर उसके साथ संबंध बना लिए। इससे किशोरी गर्भवति हो गई। इस बारे में जानकारी करने पर किशोरी ने आपबीती सुनाई। कहा कि मुंह खोलने पर आरोपी उसे जान से मारने की धमकी दे रहा है। तहरीर पर पुलिस ने आरोपी नाजिर के खिलाफ दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट की धारा में केस दर्ज कर लिया। कुंडा थाना प्रभारी विक्रम सिंह राठौर ने बताया कि पुलिस ने एक सूचना के आधार पर आरोपी नाजिर को गिरफ्तार कर लिया है।

### ईश्वर एक है, वही पूजा के योग्य

काशीपुर। एक तू सच्चा तेरा नाम सच्चा मंत्र के ऋषि सत्पुरुष बाबा फुलसंदे वालों का तीन दिवसीय सत्संग मंगलवार को रामलीला मैदान परिसर स्थित हॉल में शुरू हुआ। बाबा फुलसंदे वालों ने कहा कि ईश्वर एक है। वही पूजा के योग्य है। 33 कोटि देवता भी उनकी आराधना करते हैं। सनातन धर्म में सबसे पहले वेदों के माध्यम से पूजा होती थी। पूरी सृष्टि की रचना परमात्मा द्वारा की गई है। यह सृष्टि किसी वृक्ष की तरह है। जिस वृक्ष की जड़ उस परम ब्रह्मा में है। इस वृक्ष की अनेक शाखाएं देवलोक, ब्रह्मलोक बैकुंठ लोक, पितृलोक, नरक लोक, प्रेत लोक और मनुष्य लोक तक फैली हुई हैं। जिन शाखों पर अनेक अनेक जीवात्मा रूपी पक्षी निवास करते हैं। अपने-अपने कर्मों के अनुसार सुख-दुख, अमृत और मृत्यु को प्राप्त करते रहते हैं। यहां प्रदीप मिश्रा, राजीव राठी, मनोज चौधरी, ऋषिपाल सिंह, धनपति कुबेर ,विजेंद्र पाल सिंह, मटरू लाल पुष्कर, मुकेश चौधरी आदि मौजूद रहे 1

### सितारगंज में बाइक चोरी का मुकदमा

पिथौरागढ़। जीआईसी मैदान में लगे मेले से बाइक चोरी हो गयी। मोहम्मद शरीफ निवासी वार्ड दो ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि 30 मई को जीआईसी मैदान गया था। मेले से लौटने पर बाइक चोरी हो गयी थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर सीसीटीवी खंगाले हैं।

### गणाई गंगोली महाविद्यालय में 24 छात्रों का प्रवेश हुआ

पिथौरागढ़। गणाई गंगोली महाविद्यालय में सत्र 2024-25 के लिए बीए प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश प्रकिया शुरू हो गई है। प्रवेश समिति के संयोजक नवीन चंद्र ने बताया कि ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया के बाद वरीयता के आधार पर प्रवेश दिया जा रहा है। पंजीकरण करने वाले 35 छात्र-छात्राओं में से 24 ने प्रवेश ले लिया है। प्रवेश समिति में डॉ. मुनेश कुमार पाठक, डॉ. मनोहर चंद्र जोशी, डॉ. अंकिता टम्टा, जीवन सिंह, विनोद बोरा शामिल हैं।

### आबादी क्षेत्र में पहुंचा गुलदार

पिथौरागढ़। भीमताल मल्ली ताल के बाजार में बीती रात 11 बजे गुलदार के आबादी क्षेत्र में दिखाई देने के बाद से स्थानीय लोगों में भय का माहौल है। अधिवक्ता सचिन बेलवाल ने बताया नगर में आवारा पशुओं और कुत्तों के चलते गुलदार बाजार और आबादी क्षेत्र में दिख रहा है। बीती रात 11 बजे गुलदार ने कुत्ते पर हमला किया। कहा की इन दिनों गुलदार अंधेरा होते ही बाजार क्षेत्र में दिखाई दे रहा है। कहा की वन विभाग को सूचना दे दी गई है।

### छात्र-छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए

चम्पावत। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत बाराकोट के राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कालाकोट में सात दिवसीय आत्मरक्षा शिविर जारी है। शिविर में 85 छात्र-छात्राएं प्रतिभाग कर रही हैं। कराटे कोच दीपक सिंह अधिकारी ने छात्र छात्राओं को आत्मरक्षा के पंच, मिडिल पंच, अपर पंच, किक, इन टू आउट किक, आउट टू इन किक के बारे में जानकारी दी। प्रशिक्षक किरन राज ने नशे के दुष्प्रभाव को लेकर जागरूक किया।

### पूर्णागिरि में हजारों श्रद्धालु पहुंचे

चम्पावत। पूर्णागिरि में श्रद्धालु दिन की अपेक्षा रात में अधिक पहुंच रहे हैं। बीते 24 घंटे में 20 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने माता के धाम पहुंचने का समिति ने दावा किया। मां पूर्णागिरि धाम के मुख्य मेला के समापन में महज दस दिन का समय शेष है। ऐसे में बाहरी राज्यों से श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। मंदिर समिति के अध्यक्ष किशन तिवारी, उपाध्यक्ष नीरज पांडेय, सचिव सुरेश तिवारी आदि ने बताया कि दिन में गर्मी पड़ने की वजह से रात में श्रद्धालु अधिक पहुंच रहे हैं।